


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 220

ग्वालियर, गुरुवार, 30 सितंबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## मप्र में एक लोकसभा सीट और तीन विधानसभा सीटों पर उपचुनाव

# उपचुनाव के नतीजों से तय होगा शिवराज का राजनीतिक भविष्य!

### 30 अक्टूबर को उपचुनाव के लिए वोटिंग, 2 नवंबर को आएंगे नतीजे

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में एक लोकसभा सीट और तीन विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए तारीखों का ऐलान हो गया। इन सीटों पर 30 अक्टूबर को उपचुनाव के लिए वोटिंग होगी और 2 नवंबर को नतीजे आएंगे। इस उपचुनाव में जीत या हार से सरकार पर कोई असर नहीं पड़ेगा, हालांकि, इन नतीजों से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का राजनीतिक भविष्य जरूर तय होगा। मध्यप्रदेश में बीते डेढ़ साल से भाजपा की सरकार है, जिसके मुखिया मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हैं। शिवराज सिंह देश के सबसे चर्चित मुख्यमंत्रियों में से एक हैं और मध्यप्रदेश में भाजपा का सबसे बड़ा चेहरा भी हैं। शिवराज ने इसी को ध्यान में रखते हुए उपचुनाव वाली सभी सीटों पर बीते दिनों जनदर्शन यात्री की।



**यात्रा में दिखी शिवराज की अलग छवि:** इस दौरान शिवराज ने अपनी छवि के विपरीत एक सख्त मुखिया का अंदाज दिखाया। उन्होंने इस जनदर्शन यात्रा में ना सिर्फ जनता की समस्याओं को सुना बल्कि ऑन द स्पॉट एक्शन लेते हुए इनका समाधान कराया और जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई की। शिवराज बेशक मध्यप्रदेश मे सबसे लोकप्रिय नेता हैं, लेकिन प्रदेश का मुख्यमंत्री होने के नाते विपक्ष के निशाने पर भी वही रहते हैं।

**कोरोना, महंगाई के मुद्दे पर घिरेगी सरकार:** विपक्षी दल यानि कांग्रेस के पास फिलहाल उपचुनावों में मुद्दों की कोई कमी नहीं है। ऐसे कई मुद्दे हैं जो विपक्ष के लिए हथियार का काम करेंगे और शिवराज के लिए सिरदर्द रहेंगे। कोरोना की पहली और दूसरी लहर में बड़ी संख्या में लोगों की जान जाने का मामला हो, महंगाई का मुद्दा, प्रदेश मे बेरोजगारी और ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस भाजपा सरकार को घेरेगी। मध्य प्रदेश में बीते कुछ महीनों से दलितों और धर्म विशेष के लोगों के साथ जो घटनाएं घटित हुईं उसके चलते भी शिवराज सरकार की जमकर किरकिरी हुई। दूसरी तरफ 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण पर जो पेच फंसा हुआ है, उसे लेकर भी सरकार निशाने पर है। कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने ओबीसी आरक्षण को 14 फीसदी से बढ़ाकर 27 फीसदी कर दिया था लेकिन तब से लेकर अब तक यह मामला कानूनी पेंच में उलझा हुआ है। हालांकि सरकार का दावा है कि जो मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं उन्हें छोड़कर सभी जगह 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण लागू कर दिया गया है।

**शिवराज चौहान की साख दांव पर:** उपचुनाव के नतीजे अगर भाजपा के पक्ष में आता है, तो यकीनन शिवराज बतौर मुख्यमंत्री और मजबूत होंगे। लेकिन बाजी अगर कांग्रेस के हाथ में जाती है तो माना जाएगा कि शिवराज का जादू कम हो रहा है और जिस तरह से भाजपा आलाकमान ने उत्तराखंड, कर्नाटक और गुजरात मे चेहरे बदले हैं मध्यप्रदेश में भी इसी तरह की अटकलें शुरू हो सकती है।

**इन सीटों पर होना है उपचुनाव:** जिन 4 सीटों पर उपचुनाव होना हैं, उनमें एक लोकसभा सीट खंडवा की है, जबकि 3 विधानसभा सीटें (पृथ्वीपुर, जोबट और रैगांव) हैं। यह सभी सीटें सांसद और विधायकों के निधन के बाद खाली हुई हैं। 4 में से 2 सीट भाजपा के पास थीं तो वहीं 2 सीट कांग्रेस के पास। खंडवा लोकसभा सीट भाजपा सांसद नंदकुमार सिंह चौहान और रैगांव विधानसभा सीट भाजपा विधायक जुगल किशोर बागरी के निधन से खाली हुई, वहीं, पृथ्वीपुर सीट कांग्रेस विधायक बृजेंद्र सिंह राठौर और जोबट सीट कांग्रेस विधायक कलावती भूरिया के निधन से खाली हुई।

## खास खबर

### तीसरी बार तलाक लेने जा रही बांग्ला अभिनेत्री श्राबंती चटर्जी, पति को बताया नार्मद

**कोलकाता।** मशहूर बांग्ला अभिनेत्री श्राबंती चटर्जी केवल अपनी फिल्मों ही नहीं बल्कि पर्सनल लाइफ के लिए भी सुखियों में बनी हैं। खबर आ रही है कि श्राबंती चटर्जी तीसरी बार तलाक लेने जा रही हैं। उन्होंने अपने पति रोशन सिंह से तलाक की अर्जी कोर्ट में लगाई है। श्राबंती चटर्जी बांग्ला फिल्मों की मशहूर अभिनेत्री हैं। 34 साल की श्राबंती ने साल 1997 में बंगाली फिल्म %मायार बंधोन से डेब्यू किया था। इसके बाद उन्होंने एक से बढ़कर एक सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। श्राबंती की पिछली बार फिल्म %लॉकडाउन% में नजर आई थीं। श्राबंती चटर्जी अभी तक 3 बार शादी कर चुकी हैं। उनकी पहली शादी बांग्ला फिल्ममेकर राजीव कुमार बिस्वास से साल 2003 में हुई थी। साल 2016 में श्राबंती और राजीव का तलाक हो गया। इसके बाद श्राबंती ने मॉडल कृष्ण व्रज से 2016 में शादी की मगर यह शादी केवल 1 साल ही चली और 2017 में दोनों का तलाक हो गया। इसके बाद 19 अप्रैल 2019 में श्राबंती ने रोशन सिंह से शादी कर ली।



### फिर से नजरबंद किया गया, कश्मीर की यही असल तस्वीर: महबूबा मुफ्ती

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने दावा किया है कि उन्हें एक बार फिर से नजरबंद कर दिया गया है। महबूबा ने कहा है कि त्राल में सेना द्वारा की गई मारपीट के पीड़ित परिवार से मिलने वह त्राल जा रही थी लेकिन उन्हें इससे रोकने के लिए घर में बंद कर दिया गया है। पूर्व सीएम ने मंगलवार को आरोप लगाया था कि सेना के जवानों ने पुलवामा के त्राल में एक परिवार से मारपीट की और इसमें परिवार की एक महिला को चोट लगी है। मुफ्ती ने कहा था कि वह बुधवार को पीड़ित परिवार से मिलने जाएंगी। बुधवार को मुफ्ती ने ट्वीट किया, सेना द्वारा कथित तौर पर एक परिवार से मारपीट के बाद मेरे त्राल दौर पर जाने की वजह से आज मुझे मेरे घर में बंद कर दिया गया है। यह कश्मीर की असली तस्वीर है। भारत सरकार को यहां आने वाले प्रतिनिधिमंडल को पिकनिक टूर की बजाय यह तस्वीर दिखानी चाहिए। मुफ्ती ने ट्वीट में तस्वीर भी साझा की है, जिसमें गुपकर रोड स्थित उनके घर के मेन गेट पर सेना के वाहन दिख रहे हैं।

### महाराष्ट्र में आसमानी बिजली गिरने से अबतक 196 लोगों की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र में भारी बारिश होने से कृषि और संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। दर्जनों लोगों की जान चली गई है। जानवरों को ले जाने और मरने की घटनाएं हुई है। इस बात की जानकारी राज्य के राहत और पुनर्वास मंत्री विजय वडेट्टीवार ने पत्रकारों को दी। उन्होंने कहा कि इस साल लगातार बाढ़ और भारी बारिश से अबतक 436 लोगों की जान चली गई है. इनमें आसमानी बिजली गिरने से ही 196 लोगों की मौत हुई है। महाराष्ट्र के मराठवाड़ा के 10 में से 7 जिलों में 180 फीसदी बारिश दर्ज की गई है. 436 में से छह शव अभी तक बरामद नहीं हुए हैं। इसके अलावा 136 लोग घायल हो गए.

### पलवल में एक ही परिवार के पांच लोगों के शव मिले

**पलवल।** हरियाणा के पलवल जिले में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। मिली जानकारी के मुताबिक, पलवल जिले के गांव औरंगाबाद में एक घर में पांच लोगों के शव मिले हैं।जान गंवाने वालों में महिला और पुरुष के अलावा तीन बच्चे भी हैं।

## छोटी जोत वाले किसानों की आय बढ़ाने के लिए मधुमक्खी पालन और शहद मिशन अहम: मंत्री तोमर




**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने आज वर्चुअल माध्यम से राष्ट्रीय शहद बोर्ड (एनबीबी) के सक्रिय सहयोग के अंतर्गत अमूल शहद- गुजरात कोऑपरेटिव दुग्ध विपणन संघ लिमिटेड (जीसीएमएमएफ) के एक उत्पाद को लॉन्च किया। इस अवसर पर पशुपालन, मत्स्य पालन और डेयरी मंत्री पुरशोत्तम रूपाला भी उपस्थिति थे। समारोह को संबोधित करते हुए श्री तोमर ने छोटी जोत वाले किसानों की आय बढ़ाने में राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और शहद मिशन के महत्व पर जोर दिया, जिसे देश में मधुमक्खी पालन के माध्यम से किसानों/मधुमक्खी पालकों की आय को दोगुना करने के लिए 500 करोड़ रुपये के बजटीय आवंटन के साथ लागू किया जा रहा है। मंत्री तोमर ने कहा कि देश में 86 प्रतिशत छोटी जोत वाले किसान हैं। इन छोटी जोत वाले किसानों की आय बढ़ाने के लिए उन्हें मधुमक्खी पालन जैसे कृषि के अन्य आयामों से जोड़ना आवश्यक है। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात की धरती पर एक मीठी क्रांति की इच्छा व्यक्त की थी और आज अमूल शहद के लॉन्च करके भारत ने प्रधानमंत्री के सपने को साकार की दिशा में यात्रा शुरू की है। उन्होंने कहा कि शहद की गुणवत्ता देश में एक प्रमुख चिंता का विषय है जिसके लिए पूरे देश में बड़े पैमाने पर 5 क्षेत्रीय शहद परीक्षण प्रयोगशालाएं और 100 छोटी शहद परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारा निरंतर प्रयास होना चाहिए कि हमारे शहद उत्पादों की गुणवत्ता भी वैश्विक मानकों को पूरा करे क्योंकि इस क्षेत्र में निर्यात के बहुत अधिक अवसर हैं। मंत्री ने देश के मधुमक्खी पालकों/किसानों को आश्वासन दिया कि भारत सरकार देश में मधुमक्खी पालन के संवर्धन और विकास के लिए हर तरह की आवश्यक सहायता प्रदान करेगी। मंत्री तोमर ने कहा कि अमूल ने न केवल श्वेत क्रांति की दिशा में एक उपलब्धि हासिल की है, बल्कि इसने दूध प्रसंस्करण क्षेत्र में भी विस्तार किया है और खुद को एक वैश्विक ब्रांड के रूप में स्थापित किया है। इसके अलावा, अमूल सीमांत किसानों को रोजगार के अवसर भी प्रदान करता है और डेयरी क्षेत्र में देश की समग्र प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देता है। मंत्री ने जीसीएमएमएफ को यह आश्वासन भी दिया कि कृषि मंत्रालय गुजरात में एक परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित करने के प्रस्ताव पर ध्यान देगा। पुरशोत्तम रूपाला ने अपने शहद उत्पाद को लॉन्च करने पर जीसीएमएमएफ को बधाई दी।

## लोगों के मन में ये विश्वस्तता, त्याग, कठोर परिश्रम के बिना नहीं हो सकती: मंत्री अमित शाह




**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह नई दिल्ली में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के 17 वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस साल के स्थापना दिवस का विषय (Theme) 'हिमालयी क्षेत्र में आपदा घटनाओं का सोपानन प्रभाव' है। अमित शाह ने आपदा मित्र योजना की प्रशिक्षण नियमावली और आपदा मित्र व सामान्य चेतावनी प्रोटोकॉल (Common Alerting Protocol) के योजना दस्तावेज का विमोचन किया। समारोह में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, अजय कुमार मिश्रा और निशिथ प्रामाणिक, केंद्रीय गृह सचिव, एनडीएमए के सदस्य व अधिकारी, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के महानिदेशक (एनडीआरएफ़) और केंद्रीय गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ देशभर से आपदा प्रबंधन से जुड़े लोग वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।

गृहमंत्री ने कहा कि एनडीएमए और इसकी क्रियान्वयन ऐजेंसी के रूप में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ़) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ़) ने पिछले 17 वर्षों में देश के आपदा प्रबंधन के इतिहास को बदलने और पूरे देश की संवेदनशीलता को आपदा प्रबंधन के साथ जोड़ने का काम किया है और ये बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि 130 करोड़ लोगों के देश में, जहां हर राज्य में अलग-अलग मौसम, कई नदियां, पहाड़, लंबे समुद्री तट हैं, इस स्थिति में अगर हम जनता और समाज की संवेदनशीलता, आपदाओं से बचने के लिए वैज्ञानिक व्यवस्थाओं का सूत्रपात और इन व्यवस्थाओं को नीचे तक स्वीकारने की मानसिकता तैयार नहीं कर पाते हैं तो हमें बहुत बड़ी जानहानि और आधारभूत ढांचे की हानि की तैयारी रखनी होगी।







# शॉर्ट फिल्म 'खुलासा' के महुर्त के साथ फिल्मांकन आरंभ




शिवपुरी।

**नील सरोवर फिल्मस् एवं पीहू फिल्म प्रोडक्सन के बैनर तले निर्माणाधीन शॉर्ट फिल्म 'खुलासा' का महुर्त विगत दिवस**

**स्थानीय फिजीकल रोड़ पर स्थित ऋषि गार्डन में पूजा अर्चना के साथ फिल्म कलाकारों के एक सीन पर क्लेप देकर किया गया।**

महुर्त समारोह के मुख्य अतिथि प्रख्यात फिल्म निर्देशक राकेश सरैया, संगीतकार श्रीमती स्नेहद्वीप सिंघल, फिल्म कलाकार जितेन्द्र सिंह पमार 'जीतू' प्रख्यात रंगकर्मी दिनेश वशिष्ठ, रवीन्द्र सक्सेना, प्रख्यात गीतकार अवधेश सक्सेना विशेष अतिथि संगीतकार जुगेश कुमार, जहांगीर खांन, फिल्म कलाकार, विजय चौकसे, उम्मेद सिंह झा, राजेश गर्ग, पत्रकार राजू यादव, भूपेन्द्र नामदेव, आरती अहीरवार, बालकृष्ण शर्मा बॉबी, प्रशांत रजक, संजय पंडित थे एवं अध्यक्षता प्रख्यात समाजसेवी पं. केदार समाधिया ने की एवं संचालन फिल्मकार पत्रकार भूपेन्द्र विकल ने किया। महुर्त समारोह के प्रारंभ में पं. प्रमोद पुरोहित ने पूजा अर्चना कराई, इसके उपरांत फिल्म के निर्माता राजकुमार गुप्ता, निर्देशक विनोद यादव, संयुक्त निर्देशक के.पी.रंगीला सहित कलाकारों ने उपस्थित अतिथियों का पुष्पमाला एवं पुष्प गुच्छ प्रदान कर संम्मान किया, समस्त अतिथियों ने उदबोधन प्रदान कर शुभकामनाऐं दी।

### शिवपुरी के विभिन्न लॉकेशनों की होगी शूटिंग

शॉर्ट फिल्म 'खुलासा' के महुर्त के साथ ही शिवपुरी की विभिन्न लोकेशनों पर फिल्मांकन किया जा रहा है। पिछोर की सुन्दर लोकेशनों पर भी फिल्मांकन किया जायेगा। फिल्म की कहानी एक लव स्टोरी है जो कि मर्डर मिस्ट्री है। फिल्म के निर्माता राजकुमार गुप्ता 'बबलू', निर्देशक विनोद कुमार यादव, संयुक्त निर्देशक के.पी. रंगीला, सह निर्देशक भूमिका रंगीला, लेखक धीरज वाजपेयी, छायाकार राहुल शर्मा, प्रोडेक्शन मैनेजर डी.सी.चौधरी, मार्केटिंग मैनेजर रजत खांन, विशेष सहयोगी डॉ. भूपेन्द्र विकल, पी.आर.ओ. उम्मेद सिंह झा, मुख्य कलाकार साहिल सेठ, सोनम शर्मा, तान्या गोस्वामी, राजेश गर्ग, चेतना अग्रवाल, धीरज वाजपेयी, धर्मेन्द्र चौधरी, प्रमोद पुरोहित, साकिर खांन एवं पीहू गुप्ता है।

# भाजपा किसान मोर्चा के नव नियुक्त प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों का किया गया अभिनंदन

**केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बीडी शर्मा का माना आभार**



शिवपुरी-केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वी डी शर्मा का आभार मानते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता व सिंधिया समर्थकों के द्वारा भाजपा किसान मोर्चा के नव नियुक्त प्रदेश कार्य समिति सदस्यों का अभिनंदन समारोह स्थानीय होटल वनस्थली में आयोजित किया गया। यहां मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश गुप्ता द्वारा शिवपुरी जिले से मनोनित किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्यों का शॉल, श्रीफल व माल्यार्पण करते हुए सम्मान किया गया। इस अवसर पर कई वरिष्ठ भाजपा नेतागण मौजूद रहे। इस अवसर पर उपस्थित प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों में सरनाम सिंह रघुवंशी, रामस्वरूप रावत रिझारी, चंद्रपाल सिंह तोमर, धनपाल यादव, भूपेंद्र यादव (भोले भैया), बसंत श्रीवास्तव आदि का सम्मान शॉल, श्रीफल भेंटकर व माल्यार्पण व तिलक लगाते हुए सम्मान किया गया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश गुप्ता, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मुन्नालाल कुशवाह, जिला पंचायत सदस्य योगेन्द्र रघुवंशी बंटी भैया, मुकेश जैन, पार्षद इशमाईल खान, नीरज सिंह तोमर, अमन गुप्ता, के.एल.राय, प्रकाशचन्द, राजू रघुवंशी, कमलेश बंसल, विपिन शिवहरे, योगेन्द्र समाधिया, प्रिंस तोमर आदि भाजपा कार्यकर्ता एवम गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने इन नियुक्तियों पर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वी डी शर्मा एवम भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### खेल एवं युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया आज शिवपुरी आएंगी



शिवपुरी-खेल और युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया आज शिवपुरी आएंगी और 30 सितम्बर एवं 01 अक्टूबर को शिवपुरी प्रवास पर रहेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया 30 सितम्बर को भोपाल से प्रस्थान कर शाम 5 बजे शिवपुरी में जिलाधीश कार्यालय के सभाकक्ष में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में बैठक तथा थीम रोड सौन्दर्यीकरण की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। शुक्रवार 01 अक्टूबर को दोपहर 12.15 बजे जिला खेल परिसर शिवपुरी में मुख्यमंत्री द्वारा महिला स्वसहायता समूहों का क्रेडिट लिंकेज कार्यक्रमए सहरिया, वेगा और भारिया महिलाओं को आहार भत्ते का वितरण कार्यक्रम एवं बाढ़ राहत राशि का वितरण किया जाएगा। इसके उपरांत शाम 5.30 बजे शिवपुरी से ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेंगी।

### सांसद डॉ.के.पी.यादव एक अक्टूबर को शिवपुरी में

शिवपुरी-सांसद डॉ.के.पी.यादव एक दिवसीय प्रवास के दौरान 01 अक्टूबर को शिवपुरी में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के दौरान सांसद डॉ.यादव 01 अक्टूबर को प्रातः 10.30 बजे सर्किट हाउस शिवपुरी में कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। इसके उपरांत दोपहर 12.15 बजे मुख्यमंत्री के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

### गांधी सेबाश्रम पर मनाई जायेगी गांधी-शास्त्री जयंती

शिवपुरी-2 अक्टूबर को पूज्य बापू महात्मा गांधी एबं पूर्ब प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जन्मजयंती पर गांधी सेबाश्रम न्यास भबन एबी रोड़ शिवपुरी पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। प्रातः 9 बजे झण्डावंदन किया जायेगा, इसके बाद पुष्पांजलि अर्पण उपरान्त गांधी जी के प्रियभजनों का गायन पं.आत्मानंद के द्वारा किया जायेगा। इसके बाद सभी धर्मों के धर्मगुरूओं द्वारा प्रार्थना सभा की जायेगी और संस्था अध्यक्ष पं.श्रीप्रकाश शर्मा एवं अन्य आमन्त्रित वक्ताओं के द्वारा गांधी जी के जीवन दर्शन पर चिंतन किया जायेगा तथा समर्पित शिक्षाविद मघुसूदन चौबे का गांधी सेबाश्रम ट्रस्ट की ओर से उनकी निःशुल्क सेबाओं के लिये अभिनन्दन किया जायेगा तथा राष्ट्रीय गीत जन गण मण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। कार्यक्रम समापन उपरांत मिष्ठान वितरण किया जायेगा। न्यास के सचिब राजेन्द्र गर्ग ने सभी से आग्रह किया है कि मास्क लगाकर सोशल डिस्टेंसिंग अपनाकर कोविड 19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए आयोजित कार्यक्रम में शामिल हों।

### चोरी की हुई चार मोटरसाईकिल जप्त आरोपी गिरफ्तार

शिवपुरी- थाना इन्दार मे बीती 19 सितम्बर को फरियादी ने थाना इंदार ने रिपोर्ट की कि उसकी एक मोटरसाईकिल टीव्हीएस स्पोर्ट कोई अज्ञात चोर 18 सितम्बर की रात्रि मे कमरे का ताला तोडकर चोरी कर ले गया। जिस पर से थाना इंदार में अपराध क्रमांक 181/21धारा 457,380 भादवि कायम किया जाकर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक महोदय राजेश सिंह चंदेल ने सम्पत्ति संबंधी अपराधो पर लगाम लगाकर अपराधियो को शीघ्र गिरफ्तार करने का निर्देश दिए हैं, जिसके पालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार भूरिया, एसडीओपी कोलारस अमरनाथ वर्मा के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी इन्दार के.एन.शर्मा एवं थाना स्टाफ के द्वारा अपराधियो की धर-पकड़ शुरू की गई, इसी क्रम मे संदेही को दस्तयाब कर पूछताछ की गई तो आरोपी ने इस मोटरसाईकिल को चोरी करना तथा अन्य सहयोगी अपराधियो के साथ तीन ओर मोटरसाईकिले चुराना कबूल किया जिसे गिरफ्तार कर कुल चार मोटर साईकल टीबीएस स्पोर्ट नम्बर एमपी 67 एमए 2852, हीरो एचएफ डीलेक्स एमपी 33 एमयू 4260, टीवीएस स्टार सिटी एमपी 67 एमई 9429, हीरो एचएफ डीलेक्स एमपी 33 एमएस 3881 बरामद करने मे सफलता मिली आरोपी के साथी दारान की पुलिस सरगमी से तलाश कर रही है इनके मिलने पर क्षेत्र की ओर भी मोटरसाईकिलें बरामद होने की पूर्ण संभावना है। इस कार्यवाही मे थाना प्रभारी इन्दार के.एन.शर्मा, सउनि रायचन्द भिलाला, प्र.आर.वहीद खान, प्र.आर.प्रदीप गुर्जर, आर.राहुल कुमार, आर.सुनील कुमार भील, आर.रवि शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# बालिका के जन्म पर घर में उत्साह के साथ मनाई खुशियां

**ढोल-ताशों और आतिशबाजी के साथ हुआ गृह-प्रवेश**



शिवपुरी-आज के बदलते जमाने में अब बेटियों का जन्म अब अभिशाप नहीं बल्कि वरदान साबित हो रहा है वह इसलिए क्योंकि इस बदलते जमाने में अब बेटा-बेटी एक समान होने लगे है। यही वजह है कि न्यू ब्लॉक निवासी संतोष गुप्ता के होनहार पुत्र चिराग गुप्ता की धर्मपत्नि ने एक नवजात बालिका को पुत्री के रूप में जब जन्म दिया तो अस्पताल में पटाखे फोड़े और मिठाई बांटी गई और जब नन्हीं जन्मी बालिका का गृह प्रवेश हुआ तो यहां घर के प्रवेश द्वार पर वैलून लगाकर, मुख्य द्वार सजाकर बालिका का स्वागत किया गया। यहां परिजनों के द्वारा बालिका जन्म और गृह प्रवेश के दौरान जमकर आतिशबाजी और ढोल-ताशे बजाए गए साथ ही मिष्ठान का वितरण भी किया गया। यहां चिराग कम्प्यूटर के समस्त परिजनों सहित आसपास के स्थानीय लोगों ने भी इस खुशनुमा माहौल में शिरकत की और मासूम नन्हीं बालिका के गृह प्रवेश की खुशियों में शामिल हुए। इस अवसर पर बालिका के चरण कमल को घर के मुख्य द्वार को छूते हुए प्रवेश दिलाया गया जहां सभी परिजनों ने बड़ी खुशी के साथ बालिका को घर में आगमन की बधाईयां दी और मिलकर खुशियां मनाई। यहां मासूम नन्हीं बालिका के चाचा बने पराग गप्ता ने भी अपने सहयोगी मित्रों और परिजनों के साथ मिलकर खुशियां मनाते हुए ढोल-ताशों पर नृत्य कर अपनी खुशी का इजहार किया।

## कै.माधवराव सिंधिया की 20वीं पुण्यतिथि आज



### समर्थक योगेन्द्र सिंह यादव के द्वारा 'आप बहुत याद आते हो' स्लोगन के साथ जन-जन के बीच ऑटो से पहुंचाया संदेश

शिवपुरी-अंचल के विकास के लिए सदैव समर्पित रहने वाले पूर्व केन्द्रीय मंत्री कै.श्रीमंत माधवराव सिंधिया की 20वीं पुण्यतिथि आज 30 सितम्बर गुरूवार को है। यहां कै.माधवराव सिंधिया के प्रति आस्था प्रकट करते हुए सिंधिया समर्थक योगेन्द्र सिंह यादव के द्वारा 'आप बहुत याद आते हो' स्मृति को संजोते हुए शहर के अनेकों ऑटो पर स्लोगन युक्त पोस्टर चिपकाए गए ताकि यह संदेश जन-जन तक पहुंचे और कै.माधवराव सिंधिया को लेकर नारा 'जब तक सूरज चांद रहेगा, माधव तेरा नाम रहेगा' के गुंजायमान से पूरा अंचल गूंजेगा। इस ऑटो रैली को पूर्व विधायक जसवंत जाटव ने स्थानीय पोलोग्राउण्ड से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरवीर रघुवंशी और विजय शर्मा, भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष आकाश शर्मा, कपिल भार्गव, हरीओम राठौर और संतोष शर्मा व साथीगण और नारे लगाते हुए रवाना किया।

# लीनेस क्लब ने बांसखेड़ी आदिवासी बस्ती में लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर,बांटे वस्त्र, कराया भोजन



शिवपुरी-आदिवासी बस्ती में आमजन को बीमारियों से बचाव को लेकर समाजसेवी संस्था लीनेस क्लब शिवपुरी संस्था के द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर ग्राम बांसखेड़ी स्थित आदिवासी बस्ती में लगाया गया साथ ही शिविर के दौरान आदिवासी परिजनों को भोजन भी कराया और संस्था की ओर से वस्त्र भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए लीनेस क्लब संस्था अध्यक्ष श्रीमती मीना अग्रवाल व सचिव श्रीमती रूचि अग्रवाल ने बताया कि कोरोनाकाल के हालातों के बाबजूद भी आज भी कई आदिवासी परिवार विभिन्न प्रकार के रोगों से ग्रसित है ऐसे में इन आदिवासी परिवारों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आदिवासी बस्ती में पहुंचकर उन्हीं परिजनों के लिए आयोजित किया गया। यहां इस शिविर में विशेषज्ञ महिला चिकित्सक डॉ.कल्पना बंसल ने अपनी सेवाऐं दी साथ ही पारूल बंसल के द्वारा भी मरीजों का परीक्षण व उपचार किया गया। यहां स्वास्थ्य शिविर में करीब एक सैकड़ा महिलाओं व बालिकाओं के स्वास्थ्य का परीक्षण करते हुए उन्हें साफ-सफाई व स्वच्छता के बारे में बताया साथ ही कोरोना जैसे वैश्विक महामारी के दौर में भी अपने आपको कैसे सुरक्षित रखा जाए इस संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई। इस स्वास्थ्य शिविर के पश्चात इन आदिवासी परिजनों को भोजन भी कराया गया और बाद में वस्त्र भी वितरित किए गए। इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में लीनेस क्लब की ओर से क्लब अध्यक्षा श्रीमती मीना अग्रवाल, सचिव रुचि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शशि अग्रवाल, श्रीमती रागिनी गंगवाल, डॉ कल्पना बंसल, श्रीमती बबीता जैन आदि लीनेस क्लब सदस्य उपस्थित रही।

## कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा ग्राम रामपुर में खोला कृषक पुस्तकालय

**कृषि साहित्य से ज्ञानार्जन आएगा किसानों के काम**



शिवपुरी-कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा किसानों को हर समय सरल और सुलभ ज्ञान प्राप्त होता रहे। इसके लिए कोलारस ब्लॉक के रामपुर गांव में संचालित कियोस्क सेन्टर पर कृषक पुस्तकालय खोला गया है। जहां आकर गांव के किसानए किसान महिलाएंए पशुपालकए ग्रामीण युवक एवं युवतियां खेतीबाड़ी से जुड़ी पुस्तकें कृषि पत्रिकाएं आदि कृषि साहित्य का लाभ उठा सकेंगे। जिससे किसानों को कृषि साहित्य से प्राप्त होने वाला ज्ञानार्जन खेती एवं पशुपालन आदि में काम आ सकेगा। देखने में आ रहा है कि इंटरनेट एवं वाट्सएप के प्रभाव के चलते आम लोगों में प?ने.लिखने में रूचि एवं प्रकाशित पुस्तकों से दूरी बनती जा रही है। आज कृषिए पशुपालन एवं कृषि से जुड़े विभिन्न विषयों पर किसानों के खेतीबाड़ी में उपयोगी जानकारी से संबंधित ज्ञान से परिपूर्ण पत्र.पत्रिकाएं एवं पुस्तकें प्रकाशित हो रही हैं लेकिन किसानों एवं ग्रामीणों में इनको पढ़कर जानकारी हासिल करने की रूचि कम ही दिखाई दे रही है। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि ग्रामीण स्तर पर इन लोगों को ये पुस्तकें उपलब्ध नहीं हो पाती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए कृषि विज्ञान केन्द्र शिवपुरी के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.एस.पी. सिंह के मार्गदर्शन में कोलारस ब्लॉक के रामपुर गांव में ष्कृषि विज्ञान केन्द्र कृषक पुस्तकालयष् खोलने का निर्णय लिया गया।

**मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना**

## दिल में छेद से पीड़ित दो बच्चों को 20 मिनिट में प्रदान किया स्वीकृति पत्र



शिवपुरी-विश्व हृदय दिवस पर शक्तिशाली महिला संगठनए महिला बाल विकासए स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा संयुक्त रूप से महलसराय में कार्यक्रम आयोजित किया। विश्व हृदय दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों को हृदय रोग के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉप्पवन जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के तहत हम किसी भी केस में एक सप्ताह के अन्दर स्वीकृति प्रदान कर देगें। इस योजना में 0 से 18 साल तक का कोई भी बच्चा जिसके दिल में छेद हो वह लाभ ले सकते है। उन्होने आज एक लाख 85 हजार एवं 80 हजार के दो केस को स्वीकृति पत्र प्रदान किये। आरबीएसके के कोर्डिनेटर अखिलेश शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना किसी भी वर्ग के 18 साल तक के बच्चों के लिए चाहे वह एपीएल हो या बीपीएल सभी को निशुल्क उपचार की सुविधा देती है। स्वास्थ्य शिविर में आरबीएसके की मेडिकल ऑफीसर डा.वैष्णो देवी ने करीब 1 सैकड़ा बच्चो की स्क्रीनिंग की। उनमे से सभी बच्चो को आवश्यक दवाईयां निशुल्क उपलब्ध करायी गयीं। साथ ही टीबी की जांच एवं सभी बच्चों की लंबाई एवं वजन लिया। कार्यक्रम में शक्तिशाली महिला संगठन के संयोजक रवि गोयल ने कहा कि हृदय रोग से बचने के लिए प्रतिदिन सैर पर जाएं। अपने खानपान का विशेष ध्यान रखें और कोशिश करे कि साल में एक बार अपने हृदय की जांच अवश्य कराए। कार्यक्रम में वेदिका सोनी, अयान खान को दिल के छेद के इलाज के लिए एक लाख पिच्यासी हजार एवं अस्सी हजार रुपये की स्वीकृति सीएमएचओ डॉ पवन जैन ने प्रदान की।

## यूपीएससी में चयनित आईपीएस में चुने गए नरेन्द्र रावत का नालंद एकेडमी पर आयोजित हुआ सेमीनार

**अपने अनुभवों को बांटते हुए छात्रों को किया संबोधित, तैयारी को लेकर दी महत्वपूर्ण जानकारी**



शिवपुरी-जब भी कोई लक्ष्य हो तो पहले उस पर ध्यान केन्द्रि करें, फिर उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए की जाने वाली तैयारियों पर ध्यान दें, यह जरूरी नहीं की परीक्षाओं के आने के पूर्व 10-15 घंटों की पढ़ाई की जाए बल्कि पढ़ाई करें लेकिन धीरे-धीरे एक-एक विषय को अच्छी तरह से समझकर उस पर ध्यान केन्द्रि करें तभी आपकी हर परीक्षा सफल होगी, मैंने भी अपने लिए आईएएस, आईपीएस बनने के लिए बहुत तैयारी की लेकिन अपने आईएएस आईपीएस के लक्ष्य को तय करके मुझे यह प्राप्त करना था बस यही ध्येय था यही कारण रहा कि यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर अब मप्र कैडर होने के चलते मैं आईपीस बनूंगा यदि अन्य कैडर लेता तो आईएएस भी बन सकता था इसलिए आप भी अपनी पढ़ाई को ध्यानपूर्वक पढ़ें और लक्ष्य बनाकर तय समय सीमा के अनुरूप पढ़ें तभी सफलता हासिल होगी। यह मोटिवेट करने का कार्य किया यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर आईपीएस में चयनित हुए शिवपुरी निवासी नरेन्द्र रावत जो स्थानीय राजेश्वरी रोड़ स्थित नालंद एकेडमी में आयोजित बच्चों के लिए मोटिवेट सेमीनार कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को आईएएस और आईपीएस परीक्षा की तैयारी के बारें में महत्वपूर्ण जानकारी दे रहे थे। इस अवसर पर नालंदा एकेडमी के संचालक अक्षत बंसल के द्वारा नरेन्द्र रावत और उनके पिता रमेश रावत का पुष्पगुच्छ भेंट कर कोचिंग संस्थान आगमन पर स्वागत किया गया।

# जिले में किसानों को नहीं मिल रहा खाद, चक्काजाम लगाने को मजबूर



भिण्ड। प्रदेश सहित जिले में खाद की कमी होने की वजह से किसान खाद नहीं ले पा रहे हैं खाद लेने के लिए आए किसानों को लम्बी लम्बी कतारों में लगने के बाद भी खाली हाथ वापस लौटना पड़ रहा है। जिससे किसानों ने आक्रोशित होकर कई बार सड़क पर जाम लगाया लेकिन स्थानीय पुलिस प्रशासन और जनप्रतिनिधि के आश्वासन पर जाम खोला गया और स्थिति सामान्य हो पायी लेकिन ये खाद की परेशानी एक जगह की नहीं बल्कि पूरे प्रदेश की है जहां किसानों बोवनी निकट है और खाद की आवश्यकता पड़ने पर खाद पर्याप्त मात्रा में न मिल पाना बेहद चिंताजनक है। खासकर डीएपी को लेकर आपूर्ति एक बड़ा सवाल बन रही है, जिसका खामियाजा अन्नदाता को भुगतना पड़ रहा है। खाद का इंतजार करतीं फसल खेतों में खड़ी हैं और अन्नदाता खाद लेने के लिए लाइन में खड़ा है। ऐसे में खाद वितरण केंद्र पर पहुंचकर हालातों का जायजा लिया और प्रशासन के दावों का रियलिटी चेक किया।

सरकारी दावों की पोल खोल रही खाद की किल्लत

मध्यप्रदेश का छोटा से जिला भिंड कहने को 20 लाख की आबादी वाला जिला है, लेकिन इस क्षेत्र की आय का सबसे बड़ा जरिया खेती और तबका किसान है. हालिया स्थिति में दोनों की हालत ठीक नही है. इलाके के ज्यादातर खेतों में बाजरा और ज्वार की फसल तैयार हो रही है. खाद की कमी इन फसलों को बर्बाद करने पर तुली हैं. शासन और प्रशासन जिले में पर्याप्त मात्रा में फर्टिलाइजर उपलब्ध होने का दावा कर हैं, लेकिन लाइन में लगकर खाद लेने के लिए पहुंच रहे किसानों की पीड़ा उन दावों की पोल खोल रही है, खाद वितरण केन्द्रों पर लम्बी कतारें

किसानों से खाद को लेकर स्थिति जानने के लिए ईटीवी भारत भिंड स्थित एमजेएस ग्राउंड के पास बनाए गए खाद वितरण केंद्र पर पहुंचा, तो पाया कि केंद्र पर किसानों और महिलाओं की लम्बी कतारें लगी थीं. कुछ लोग घंटों से खड़े थे, तो कई किसान सुबह 6 बजे से अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। किसानों ने बताया कि वह सुबह छह बजे से लाइन में लगे हैं, लेकिन केंद्र पर पर्याप्त व्यवस्थाएं न होने की वजह से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अमूमन केंद्र खोलने का समय सुबह 11 बजे है, लेकिन कर्मचारी 12 बजे के बाद ही पहुंचते हैं। इसी वजह से लाइन लंबी हो रही हैं। रकबे के हिसाब से भी नहीं मिल पा रहा फर्टिलाइजर

डीएपी और यूरिया लेने पहुंचे एक अन्य किसान ने बताया कि वे सुबह से अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन केंद्र पर डीएपी और यूरिया देने की सीमा तय कर दी गई है. उन्होंने बताया कि केंद्र पर आधार कार्ड और किताब दोनों होने पर 2 बोरी डीएपी और एक बोरी यूरिया दिया जा रहा है। यह मात्रा उनके खेत के लिए पर्याप्त नहीं है। उनकी 15 बीघा जमीन के लिए कम से कम 10 बोरी डीएपी और पांच बोरी यूरिया चाहिए। किसानों ने सेंटर पर लगाया ब्लैक में बेचने का आरोप

एक अन्य किसान ने बताया की वह पिछले 3 दिन से लगातार डीएपी लेने के लिए आ रहा है, लेकिन स्टॉक न होने से उसे खाली हाथ लौटना पड़ रहा था। उसने यह भी आरोप लगाया कि बाजार में प्रतीत दुकानों पर ब्लैक में महंगा डीएपी उपलब्ध है. स्टॉक भरे पड़े हैं, लेकिन दो दिन पहले केंद्र पर रैक आने के बाद भी डीएपी नहीं दिया जा रहा है। किसान ने मिलीभगत कर किसानों को गुमराह करने का आरोप लगया. जमना रोड स्थित सोसाइटी पर पहुंचने पर खाद ले रहे एक किसान से जब हमने बात की तो उसका कहना था कि उसने दो आधारकार्ड लगाकर 10 बोरी यूरिया लिया है, लेकिन डीएपी नहीं है। किसानों के खाते में सिर्फ 20 प्रतिशत डीएपी कृषि विभाग के एडीओ जितेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि जिले में यूरिया की कोई कमी नहीं है, लेकिन बीएसपी स्टॉक के मुताबिक वितरण किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा दिये गए फैसले के अनुसार जो किसान अपने आधार कार्ड और किताब लेकर आ रहे हैं, उनके लिए अधिकतम तीन बोरी डीएपी और पांच बोरी यूरिया देने का निर्देश हैं। वहीं जिन किसानों के पास किताब नहीं है उन्हें दो बोरी यूरिया दिया जा रहा है। डीएपी नही दे पा रहे हैं। उनका कहना था कि वर्तमान में 200 टन डीएपी उपलब्ध कराया गया था, जिसमें से 80 फीसदी क्रेडिट पर लेने वाली सोसायटियों को भेज दिया गया है।

## भाजयुमो कार्यकर्ताओं द्वारा शहीद स्मारक की साफ-सफाई लोगों को स्वच्छता के लिए जागृत

भिण्ड । भाजपा द्वारा चलाए जा रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71 वें



जन्मदिन पर भाजयुमो के युवा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छ भारत मिशन के लिए प्रेरणा दी। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री उपेंद्र राजौरिया एवं अनिल सिंह कुशवाह कार्यक्रम प्रभारी गोपाल सिंह राजावत कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छता के लिए जागृत होना चाहिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की स्वच्छता के लिए स्वच्छ भारत मिशन अभियान के माध्यम से जो हमें जागृत किया है। हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए अपने घर की आस-पास एवं गली और मोहल्ला सफाई रखें ताकि स्वच्छ भारत रैंकिंग में आपका भिंड जिला भी प्रथम स्थान पर आकर गौरवान्वित हो सके। भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने प्रातः काल से ही भिंड शहर के सर्किट हाउस के सचिव महाराणा प्रताप मूर्ति के पास शहीद स्मारक पार्क पर पहुंचकर अपने हाथों में स्वयं झाड़ू लेकर साफ सफाई की उसके बाद बाहर के सारे दरवाजों पर के नारे लगे कचरे के ढेर भी उठाकर और उसे गाड़ी में रखा। स्वच्छता अभियान में भाजयुमो के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आशीष सिंह भदौरिया, आकाश पुरोहित, अतिराज सिंह नरवरिया, मोनू नरवरिया, दीपू सिंह तोमर, अमित चौधरी, बजरंग सिंह भदौरिया, दीपक शर्मा, लवकुश सिंह परिहार, सज्जन सिंह नरवरिया, ऋषि कुशवाह, अमरदीप वाल्मीकि आदि लोग प्रमुख थे।

## कॉग्रेस को जिला स्तर से बूथ तक करना है मजबूत : सुधांशू त्रिपाठी

### बारी बारी से की सभी सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ताओ से चर्चा

भिण्ड। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सचिव मध्य प्रदेश सह प्रभारी सुधांशु त्रिपाठी 29 सितंबर 2021 को दोपहर 12:00 बजे भिंड सर्किट हाउस पहुंचें। वही जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी एवं पूर्व मंत्री बालेन्दु शुक्ल भी रहे मौजूद।



जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा और वह पूर्व लोकसभा प्रत्याशी देवाशीष जरा रिया गोहद विधायक मेवाराम जाटव से विशेष चर्चा की।वही सभी ब्लॉक अध्यक्षों, बारी बारी से समीक्षा की वा संगठन में जल्द व्यापक स्तर पर सदस्यता अभियान के लिए भी निर्देशित किया एवं सभी इकाइयों,मोर्चे के अध्यक्षों से एक एक कर मुलाकात कर उनकी बातों को सुना। और आगामी चुनाव को लेकर चर्चा की। कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी सुधांशु त्रिपाठी ने कहा कि हमें कांग्रेस कमेटी को जिले में प्रत्येक बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत करना है जिससे कांग्रेस कमेटी जिले में एक नया आयाम स्थापित कर सकें और मजबूती के साथ उभर सके। वहीं सह प्रभारी के समक्ष सभी ब्लॉकों के अध्यक्ष एवं सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद रहे। वही सह प्रभारी सुधांशु त्रिपाठी ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा द्वारा कांग्रेस संगठन के प्रति किए गए कार्यों, धरनों, आंदोलनों की सराहना की।वही सह प्रभारी सुधांशु त्रिपाठी ने जल्द मंडलम व सेक्टर की कार्यकारिणी को गठित करने करने के लिए जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह से कहा।तत्पश्चात सह प्रभारी सुधांशु त्रिपाठी एवं पूर्व मंत्री बालेंद्र शुक्ल करीब पांच बजे झांसी के लिए प्रस्थान किया। बैठक में विशेष रूप से पूर्व लोकसभा प्रत्याशी देवाशीष जरारिया, शहर अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष जय श्रीराम बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष रामनारायण हिंडोलिया, सेवादल अध्यक्ष संदीप मिश्रा, वरिष्ठ नेता वीरेंद्र यादव, रणजीत सिंह गुर्जर, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष सुभाष राठोर, अमित दातरे, राजेंद्र नरवरिया, विवेक पचौरी, विनोद पंडित, बृजेंद्र सिंह कल्लू,रॉकी तोमर, समीर भदोरिया, कार्यवाहक अध्यक्ष इरशाद खान, आईटी सेल अध्यक्ष शिशुपाल सिंह भदौरिया, राजीव कौशिक, प्रदीप यादव, राघवेंद्र शर्मा, अशोक गुप्ता, रेखा भदौरिया, ममता मिश्रा, अरविंद सोनी, संजय भूता, बलराम जाटव, राजेंद्र परिहार, अरविंद अरेले इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## ईपीएस पेंशनरों की पेंशन वृद्धि का दिया आश्वासन पूरा करें प्रधानमंत्री, बद्रीप्रसाद की बगिया में हुआ आत्म क्लेश उपवास आंदोलन

भिण्ड । बुधवार को बद्रीप्रसाद की बगिया में भिण्ड जिले के ईपीएस पेंशनरों से सामूहिक रूप से इकट्ठा होकर एक दिवसीय आत्म क्लेश उपवास आन्दोलन कर महगाई की मार झेलने के कारण हो रहे आत्म क्लेश को एक दूसरे से साझा कर अपनी-अपनी पारिवारिक परेशानियों से अवगत कराते हुए केन्द्र सरकार से शीघ्र अतिशीघ्र न्यूनतम पेंशन में बढ़ोत्तरी कर पेंशन रूपये 7500+ महगाई भत्ता दिये जाने की माग पुनः दोहराई गई। आन्दोलन में मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल से पधारे राष्ट्रीय संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिशुभानसिंह भदौरिया ने कहा कि अल्प पेंशनरों की पेंशन वृद्धि के संबंध में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमाण्डर अशोक राउत के नेतृत्व में सांसद हेमामालिनी की अगुवाई में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से दो दौर की बातचीत हो चुकी है। उन्होंने ईपीएस पेंशनरों के हित में शीघ्र ही बड़ा निर्णय लिये जाने का आश्वासन दिया है। जिसका हम सबको बेसब्री से इन्तजार है। संगठन के जिला अध्यक्ष बी. के. बौहरे ने कहा कि संगठन के राष्ट्रीय मुख्यालय गुलढाणा (महाराष्ट्र) में सतत् जारी अनशन आन्दोलन को 1011 दिन बीत चुके हैं। भिण्ड में भी 65 दिन चले अनशन आन्दोलन के जरिये आवाज बुलन्द की जा चुकी है।



संगठन के प्रदेश सलाहकार रमेशबाबू चौधरी, प्रदेश संगठन मंत्री राजेश सिंह तोमर, जिला महासचिव एवं प्रवक्ता रामसिया डण्डोतिया ने भी अल्प पेंशनरों के बदहाल हो चुके जीवन यापन पर अपने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर दिनेश सक्सेना, राधेश्याम शर्मा, रामकुमार त्रिवेदी, अवधेश सिंह चौहान, रामप्रकाश शर्मा, दिलीप सिंह चौहान, महेन्द्रसिंह कुमार, संदीप शर्मा, रामकुमार चौरसिया, मोहम्मद सलीम वारिसी, जयनारायण दीक्षित, रामशंकर शर्मा, रामकिशोर राठौर, रामनारायण जाटव, स्वरूप सिंह तोमर, राजेन्द्रसिंह भदौरिया, राजाराम शर्मा, रामनरेश शर्मा, रविन्द्रसिंह भदौरिया, रामप्रकाश सोनी सहित तमाम पेंशनर मौजूद रहे।

# आईएस, आईपीएस की खांन बनता जा रहा हैं चंबल का यह जिला




### विकास ने पहले ही प्रयास में पास किया युपीएससी एग्जाम

मेहगांव । भिडं जिले की मेहगांव बिधानसभा क्षैत्र से गोरम गांव निवासी विकास सैथियां के प्रथम प्रयास मे यूपीएससी परीक्षा पास कर अपने गांव जिला व समूचे चंबल अंचल को गौरवान्वित किया है। विकास सैथियां ने पहली वार मे यूपीएससी पास कर यह साबित कर दिया कि प्रतिभाऐ कभी किसी बिषय बस्तू पर आश्रित नही होती वह स्वयं अपनी मेहनत और लगन के बलवूते पर अपना मुकाम हासिल करती है। मेहगांव बिधानसभा क्षैत्र के सिंध नदी के किनारे बसे गांव गौरम मे जन्मे और पले बढे पिता अवधैश सैथियां किसान होने के बाबजूद अपनी प्राइमरी मिडिल हाई स्कूल इंटर की शिक्षा के बाद दिल्ली यूपीएससी की तैयारी की अपनी कडी मेहनत के दम पर पहली बार मे ही 2020 के यूपीएससी परीक्षा के परिणाम मे पास कर 642 वी रैंक हासिल कर अपने परिवार क्षैत्र को गौरवान्वित किया। मेहगांव ग्वालियर रोड पर ब्राह्मण समाज के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रामसिया दादा के निवास पर विकास सैथियां का पुष्प हार पहना कर ढोल नगाडो के साथ भव्य स्वागत किया इस अवसर पर रामसिया दादा ने कहा कि विकाश ने भिंड जिले का नाम रोशन कर अपने माता पिता का नाम रोशन किया है हमे विकास पर गर्व है।

जिसमे मुख्य रुप से रामसिया दादा, श्याम सुदंर दाढ़ी, रामप्रकाश शर्मा, पं0 दयाशंकर शर्मा, रामसिया पुरैहत, प्रेमनारायण सरपंच, अमित (पिंकी) दांतरे, जयनारायण पुरैहत, कल्लू महंत, देवीदयाल ढमोले, रामआसरे राजौरिया, बासुदेव राजौरिया, धर्मेंद्र दांतरे (डीजीएम) मनोज पारासर, रामचन्द्र शर्मा, रवि शर्मा रामलखन शर्मा सहित सैकडो लोग उपस्थित रहे।

फोटो नम्बर-08

## मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र में चोरों का आतंक



मालनपुर। औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में बढ़ती चोरियों की घटनाओं से हर नागरिक का रहना सुरक्षा की दृष्टि से दूबर होता जा रहा है परंतु थाना मालनपुर की पुलिस इन चोरियों पर कोई अंकुश लगा पाना तो दूर आज क्षेत्र में मोबाइल दुकानों की चोरी हो चाहे मोटरसाइकिल चोरी की घटना को कई बार चोर चोरीयो को अंजाम दे चुके परंतु अभी तक कोई चोरी बरामद नहीं की गई इससे साफ जाहिर होता है कि उद्योग क्षेत्र थाना पुलिस नपुंसक साबित होती दिखाई दे रही है क्योंकि इस क्षेत्र में बंद पड़ी उद्योग इकाइयों ने चोरी का सिलसिला तो रोज मर्रा की कहानी बन चुका है क्षेत्र के असरदार लोगों का आशीर्वाद असामाजिक तत्वों को रहता है पुलिस थाने पर फोनआता हैपकड़े हुए चोर हो या शराब माफिया हो इनको छुड़ा लिया जाता है इसी क्रम में 15 आठ 2021 को कैडबरी फैक्ट्री के पास बना नहर वाले हनुमान मंदिर से लाखों रुपए की चोरी नेशनल हाईवे के किनारे कट्टे की नोक पर तीन चार बदमाशों के द्वारा बाबा से मारपीट कर आए मंदिर से चोरी करने में सफल रहे परंतु फरियादी रामविलास बैरागी और किशन दास बाबा पुत्र राम दास बैरागी उम्र 70 साल से स्वयं अपनी जवानी मुख से रिपोर्ट कराई आश्वासन मिलता है कि आप की चोरी शीघ्र मिल जाएगी परंतु डेढ़ माह बीत जाने के बाद बाबा थक हार कर बैठ गया लेकिन चोरी मिली नहीं थाना प्रभारी विनोद सिंह कुशवाह का कहना है कि चोरों का पता लगा लिया गया है।

## खाद्य एवं औषधि प्रषासन की बड़ी कार्यवाही

### 03 दूध डेयरी एवं 01 किराना स्टोर कार्यवाही प्रस्तावित



भिण्ड। बुधवार को ग्राम रमपुरा, पोस्ट पांडरी, थाना नयागॉव भिण्ड स्थित 02 दुग्ध डेयरियों पर कार्यवाही कर दूध के नमूने लिये गये एवं भिण्ड स्थित राजधानी किराना एवं पोविजन स्टोर से दाल का नमूना लेकर अग्रिम कार्यवाही प्रस्तावित की गई। नयागॉव कस्बा स्थित प्रो. अन्नू राजावत, ग्राम रमपुरा भिण्ड एवं प्रो. विकास उर्फ करू राजावत, की डेयरी पर छापामार दल ने दूध के नमूने लेकर कार्यवाही प्रस्तावित की भिण्ड शहरी क्षेत्र में स्थित राजधानी किराना स्टोर पर दल ने तुअर की दाल का नमूना लेकर कार्यवाही की गई है। डॉ. अजीत मिश्रा, सीएमएचओ भिण्ड ने जानकारी देते हुये बताया कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन छापामार दल द्वारा छापामार कार्यवाही की है। इस प्रकार की कार्यवाही भविष्य में की जाती रहेंगी।

## सीएम हेल्पलाइन टीएल पत्रों की शिकायतों का समस्त अधिकारी प्राथमिकता से करें निराकरण : कलेक्टर

### समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में सीएम हैल्पलाईन एवं समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आज कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम भिण्ड-अटेर उदयसिंह सिकरवार, सीएमएचओ डॉ अजीत मिश्रा के अलावा विभिन्न विभागो के अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने विभागवार समीक्षा के दौरान सीएम हेल्पलाइन एवं टीएल की लंबित शिकायतों पर कहा कि अधिकारीगण अपने अपने विभाग से संबंधित लंबित शिकायतो का निराकरण प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा कि फर्सली क्लोज करने वाली शिकायतो में एल-2 अधिकारी अपना स्पष्ट अभिमत दर्ज करें। शिकायतो का ग्राफ नगर पालिका एवं एमपीईबी में सबसे ज्यादा देखने को मिल रहा है, उक्त अधिकारी शिकायतो के निराकरण में तत्पता बरते। पुरानी लंबित शिकायते जिन विभागो के अन्तर्गत है उन शिकायतो को तत्काल निराकरण करना सुनिश्चित करें। राजस्व विभाग के अन्तर्गत लंबित शिकायतो के निराकरण के लिए एसडीएमगणो से कहा कि वे अपने अनुभाग अन्तर्गत कम से कम 10 शिकायतो का प्रतिदिन निराकरण करें।



कलेक्टर ने कहा कि अधिकारियों द्वारा किये गये निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा क्या कार्यवाही की गई उसकी जानकारी एवं फोटोग्राफ्स जनसंपर्क विभाग के सोशल मीडिया को उपलब्ध कराये ताकि उक्त किये गये कार्य की जानकारी जनता को भी मिल सके। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी से कहा कि आपके विभाग से संबंधित शिकायते मेरे पास आ रही है इसलिए आपके यहां जो लंबित शिकायते है उन्हें तत्काल निराकरण करना सुनिश्चित करें। भ्रमण के दौरान एसडीएमगण पीडीएस की दुकानों का निरीक्षण करें और गल्ती पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर समय-सीमा के पत्रों की समीक्षा के दौरान कहा कि सभी समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी/कर्मचारी अपने स्तर पर लंबित सीएम हैल्पलाईन की शिकायतों में प्रतिदिन शिकायतकर्ता से बात कर उनकी शिकायत का निराकरण करें।

## कर्ज के जाल में फंसा चीन

**चीन में समाजवादी व्यवस्था को पुनर्जीवित करने की मांग**

चीन भारी कर्ज के जाल में फंस गया है। रियलस्टेट की मंदी के बाद चीन की अर्थ व्यवस्था में मंदी और कर्ज के पुनराभुगतान को लेकर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। समाजवाद से पूंजीवाद की ओर अग्रसर चीन यूरोपिय देशों की तर्ज पर आर्थिक संकट में फंसता जा रहा है। 2008 के बाद दुनियाभर के देशों में पूंजीवादी अर्थव्यवस्था कर्ज लेकर घी पियों अर्थात विकास की अवधारणा ने सारे देशों के सामने बढ़ा वित्तीय संकट पैदा कर दिया है। 2008 के बाद से सारी दुनिया के देशों ने विकास के नाम पर भारी कर्ज लिया। सभी देशों के नागरिकों ने विलासिता और भौतिक सुख सुबिधाओं के लिए भारी कर्ज् लिया। चीन भी इससे अछूता नहीं रहा। चीन की जीडीपी में नागरिकों एवं संस्थानों का कर्ज 100 मानक स्तर से 260 मानक स्तर पर पहुंच गया। चीन को कर्ज अदायगी और अर्थ व्यवस्था को स्थिर रखने के लिए यूरोपीय देशों की तर्ज पर चीन सरकार ने भी अर्थ व्यवस्था धन दिया इसके बाद भी अर्थ व्यवस्था में चीन सरकार कोई सुधार नहीं ला पाई। उल्टे रियल एस्टेट की मंदी जिसमें मांग घटने एवं कर्ज नहीं चुका पाने के कारण एस्टेट डेवलपर कम्पनी एअरग्रांड कर्ज चुकाने में चूक गई। रियल एस्टेट के अलावा लगभग यही स्थिति अन्य सेक्टरों में भी बनी हुई है। चीन के वित्तीय विशेषज्ञों के बीच यह कहा जाने लगा है कि वर्तमान आर्थिक स्थिति के कारण सामाजिक एवं राजनैतिक टकराव सीधा अर्थव्यवस्था से जुड़ा हुआ है। सरकारी खजाने से भी वित्तीय मदद कर पाना वर्तमान राष्ट्रपति शी जिनपिंग के लिए संभव नहीं है। ऐसी स्थिति में में वर्तमान राष्ट्रपति स्थिति से निपटने के लिए पूर्व राष्ट्रपति माओत्से तुंग की आर्थिक समाजवादी नीतियों पर लौटने की कोशिश कर रहे हैं। चीन की वर्तमान सरकार पूंजीवाद की यूरोपीय अवधारणा पर नकेल कसने की तैयारी शुरु कर दी है। चीनी सरकार सरकारी खजाने से पूंजीवाद व्यवस्था को संभालने के स्थान पर समाजवादी व्यवस्था को लागू करने की नीति पर अग्रसर हो रही है। आर्थिक संकट से निपटने के लिए चीन सरकार मदद देने आगे नहीं आ रही है। इससे वैश्विक स्तर पर चीन के डिफाल्ट होने की संभावनाये बढ गई है। पूंजीवाद के चरम पर पंहुचने के बाद अब सारी दुनिया के देश आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। मांग घट रही है। कर्ज लेने की स्थिति लगभग खत्म हो रही है। बैंकों एवे वित्तीय संस्थाओं से कर्ज लेने वालों की संख्या तेजी से घट रही है। ब्याज दरे भी सारे दुनिया के देशों में घटने के बाद भी कर्ज लेने वाले गायब हैं।

# पंजाब में कांग्रेस के दलित दांव से उलझी राजनीति ?

**प्रभुनाथ शुक्ल**

कांग्रेस ने पंजाब में चरणजीत चन्नी को मुख्यमंत्री बना दिया गया लेकिन इसकी आग में उत्तर प्रदेश झुलसता दिखा। कांग्रेस पंजाब चुनाव को देखते हुए एक बड़ा दांव चला है। जिसकी वजह से अकाली दल, आप, बसपा और भाजपा का दांव चित हो चला है। कैप्टन अमरिंदर सिंह को मुख्यमंत्री पद से हटाए जाने के बाद राजनीतिक कयास लगाए जा रहे थे कि सिद्दू या दूसरे किसी को मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। लेकिन एक दलित राजनेता को पंजाब का मुख्यमंत्री बना दिया जाएगा इसकी किसी ने कल्पना तक नहीं की थी।

पंजाब की राजनीति में पहला मौका है जब किसी दलित को मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कांग्रेस आलाकमान सोनिया गांधी के इस निर्णय से सबसे अधिक तकलीफ दलित राजनेता मायावती को हुई है। क्योंकि उत्तर प्रदेश के साथ पंजाब में चुनाव होने हैं। इसका सीधा असर उनकी दलित राजनीति पर पड़ सकता है। पंजाब में सबसे अधिक 32फीसदी दलितों का वोट है। राजनीतिक लिहाज से अकाली दल बसपा के लिए बात मायने रखती है। लेकिन कांग्रेस ने दलित राजनीति का ऐसा पांसा फेंका जिसमें सभी विरोधी उलझ गए।

पंजाब की राजनीति से उत्तर प्रदेश की सेहत पर क्या असर पड़ेगा। क्या वजह है कि पंजाब में चरणजीत चन्नी को मुख्यमंत्री बनाए जाने के बाद मायावती और योगी आदित्यनाथ अधिक हमलावर हुए। क्योंकि उत्तर प्रदेश में भी चुनाव होने हैं। मायावती पंजाब में अकाली दल से गठबंधन करना चाहती हैं। दलित वोट अगर कांग्रेस की झोली में चला गया तो बेहद मुश्किल होगी। कांग्रेस उत्तर प्रदेश में भी रावण जैसे दलित नेता के करीब होना चाहती है। भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर रावण जब बीमार थे तो प्रियंका गांधी खुद उन्हें अस्पताल में देखने गई थी। कांग्रेस की इस चाल से दलितों का दिल अगर पसीजा तो मायावती के साथ ही भाजपा का भी जनाधार प्रभावित हो सकता है।

राजनीतिक दलों को सबसे अधिक पंजाब में नुकसान होने की आशंका है। क्योंकि कांग्रेस के इस फैसले के बाद दलित राजनीति पर नया विमर्श शुरू हो गया है। पंजाब के वर्तमान राजनीति में सबसे मजबूत स्थिति में फिलहाल कांग्रेस दिख रहीं है। क्योंकि किसान आंदोलन की वजह से भाजपा ने अपना जनाधार खो दिया है। अकाली दल वक्त रहते भले संभल गया, लेकिन इसका खामियाजा उसे भी भुगतना पड़ेगा। कांग्रेस ने दलितों के साथ-साथ सिख और हिंदू वोटरों को भी साधने का काम किया है। चरणजीत चन्नी के साथ हिंदू और सिख बिरादरी से दो व्यक्तियों को उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने चरणजीत चन्नी को मुख्यमंत्री बनाए जाने का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा दलितों को लुभाने की यह कांग्रेस की पुरानी चाल और चुनावी हथकंडा है। दलित कांग्रेस के बहकावे में ना आएं। जबकि भाजपा ने कहा कि दलित कांग्रेस के लिए राजनीतिक मोहरा है। मायावती ने अपनी खींच निकालते हुए कहा कि आखिर पांच साल पूर्व कांग्रेस ने दलित को मुख्यमंत्री क्यों नहीं बनाया। इस दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक साथ कई ट्वीट कर दलित हिमायती होने की बात कहीं और भीमराव अम्बेडकर की प्रशंसा भी किया।

योगी आदित्यनाथ वाराणसी में आयोजित पार्टी की अनुसूचित जाति मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मीटिंग में भी शरीक हुए। इस बार उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी ब्राह्मणों को साथ लेकर सत्ता में वापसी चाहती है। बसपा 2007 में सोशल इंजीनियरिंग की वजह से ब्राह्मणों को लुभा कर सत्ता में आयी थीं। लेकिन पंजाब में दलित राजनीति को लेकर वह मुखर हैं। दलित राजनीति के मसीहा कांशीराम पंजाब से आते हैं। जबकि



उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती उनको दलित राजनीति का मसीहा मानती हैं। वह कांशीराम की असली राजनीतिक उत्तराधिकारी हैं। इसलिए पंजाब के 32 सीसी दलितों पर अपना अधिकार मानती हैं। कांग्रेस की चाल का सीधा असर अकाली दल और बसपा की राजनीति पर पड़ सकता है। कांग्रेस के हाथ में सत्ता है वह दलितों के लिए कई घोषणाएं भी कर सकती है।

पंजाब कांग्रेस में आंतरिक गुटबाजी चरम पर है। नाराज कैप्टन और उनका खेमा सिद्धू को कभी पचा नहीं पाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह सिद्दू और उनके पाकिस्तान परस्ती को लेकर हमलावर हैं और इसे राष्ट्रीय सुरक्षा हितों के खिलाफ बताया है। कैप्टन को हटाने के लिए इस पूरे खेल में सिद्धू की अहम भूमिका रही है। हरीश रावत के जरिए कांग्रेस आलाकमान सोनिया गांधी ने उनका भरपूर उपयोग किया है। सोनिया गांधी तत्काल सिद्धू को अगर पंजाब का मुख्यमंत्री बना देती कैप्टन अमरिंदर सिंह की दूसरे खेमे में जाने की आशंका थी। जिसकी वजह से कांग्रेस कमजोर हो सकती थी। हालांकि हरीश रावत का एक बयान कांग्रेस को कटघरे में खड़ा कर दिया। बयान के बाद विपक्ष कांग्रेस पर हमलावर हो गया दलित राजनीति पर ढोंग करने का आरोप भी लगाया।

देश में मोदी लहर के बाद भाजपा दलितों को अपने पक्ष में करने में बेहतर कामयाब रही है। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार 2009 में भाजपा के पास 10 से 12 फ़ीसदी दलित वोट बैंक थे। जबकि 2014 में 24 और 2019 में 34 फ़ीसदी पर पहुंच गए। इस हालात में भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के 2022 के आम चुनाव में 2017 के मुकाबले अधिक सीट जीतने का दावा कर रही है उस लिहाज से दलित अगर कांग्रेस के खाते में जाता है तो उसके लिए भारी नुकसान होगा। प्रदेश में बीजेपी की नजर जहां दलितों पर है वही समाजवादी पार्टी और बसपा सीधे ब्राह्मणों को लुभाना चाहती है।

पंजाब में जातिय आंकड़ों पर नजर दौड़ाई जाय तो स्थिति साफ होगी। राज्य में 58 फिसदी सिख आबादी है। 38 फ़ीसदी से अधिक हिंदू हैं। 32 फ़ीसदी के करीब दलित। पंजाब की नई राजनीति का जो फ्रेम आया है उसमें दलित और हिन्दू ख़ास हो जाते हैं। अकाली दल, आप और बहुजन समाजपार्टी को तोड़ने के लिए कांग्रेस ने अच्छी चाल चली है। हिंदू और दलित आबादी को मिला दिया जाय तो यह संख्या करीब 70 फ़ीसदी पहुंचती है। कांग्रेस अब हिंदू और दलित राजनीति को ज्यादा प्रभावी बनाना चाहती है। यही वजह है कि उसने कैप्टन अमरिंदर सिंह को किनारे किया है।

दलित राजनेता चरणजीत चन्नी को आगे कर कांग्रेस दलित राजनीति के भरोसे पंजाब में दोबारा लौटना चाहती है। फिलहाल दूसरे दलों की अपेक्षा कांग्रेस की स्थित वहां मजबूत दिखाई देती है। क्योंकि पंजाब की 117 विधानसभा सीटों में अनुसूचित जाति के लिए 30 आरक्षित हैं। कांग्रेस की निगाह उन्हीं पर है।दलित को सामने लाकर कांग्रेस दलित, सिख हिंदू के साथ सभी वर्गों को साधने की कोशिश है। कांग्रेस ने भाजपा को उसी की भाषा में जवाब दिया है। पंजाब में 50 सीटें ऐसी हैं जहां दलित आबादी अधिकांश है और वह चुनाव पर बेहद असर डाल सकती है।

## दिव्यता की विविधता

ईश्वर ने दुनिया की छोटी-छोटी खुशियां तो तुम्हें दे दी हैं, लेकिन सच्चा आनन्द अपने पास रख लिया है। उस परम आनन्द को पाने के लिए तुम्हें उनके ही पास जाना होगा। ईश्वर को पाने की चेष्टा में निष्कपट रहो। एक बार परम आनन्द मिल जाने पर सब-कुछ आनन्दमय है। परमानन्द के बिना संसार की खुशियां अस्थाई हैं। तुमने ईश्वर को सदैव पिता के रूप में देखा है परंतु क्या तुम ईश्वर को एक शिशु के रूप में देख सकते हो? जब तुम ईश्वर को शिशु के रूप में देखते हो तो तुम्हारी कोई मांग नहीं होती। ईश्वर तो तुम्हारे अस्तित्व का अन्तःकरण है। ईश्वर तुम्हारा शिशु है। वे तुमसे बच्चे की तरह चिपककर रहते हैं जब तक तुम वृद्ध होकर मर नहीं जाते। संसार में उनके पोषण के लिए उन्हें तुम्हारी आवश्यकता है। साधना, सत्संग और सेवा ईश्वर के पोषक आहार हैं। ईश्वर अनेक क्यों नहीं हो सकते? यदि ईश्वर ने मनुष्य को अपनी ही छवि के अनुसार बनाया है, तो उनकी छवि क्या है? अफ्रीकी, मंगोलियन, कॉकेसियन, जापानी या फिलिपिनो? मनुष्य इतने प्रकार के क्यों हैं, वृक्ष सिर्फ एक प्रकार का नहीं होता। सांप, बादल, मच्छर या सब्जी सिर्फ एक प्रकार के नहीं। तो फिर केवल ईश्वर को ही एक क्यों होना चाहिए? जिस चेतना ने इस सम्पूर्ण सृष्टि की रचना की है और जो विविधता प्रेमी है, वह नीरस कैसे हो सकती है? ईश्वर को विविधता पसंद है, तो वे भी अवश्य ही वैविध्यपूर्ण होंगे। ईश्वर अनेक नाम, रूप और प्रकार से अभिव्यक्त होते हैं। कुछ विचार-धारा के व्यक्ति ईश्वर को उनके विभिन्न रूपों में प्रकट होने की स्वतंत्रता नहीं देते। वे उन्हें एक ही रूप में चाहते हैं।

# सम्बोधन या औपचारिकता इमरान के गंभीर आरोपों पर मोदी का मौन क्यों....?

**ओमप्रकाश मेहता**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के संयुक्तराष्ट्र महासभा में सम्बोधन को लेकर भारतीयों को काफी अपेक्षाएं थी, खासकर चूंकि पाक प्रधानमंत्री इमरान खान के भाषण के दौरान लगाए गए आरोपों का तो जवाब मोदी जी से अपेक्षित था ही, किंतु मोदी जी का महज पच्चीस मिनट के सम्बोधन में भारतीयों को काफी निराशा महसूस हुई, क्योंकि माननीय मोदी जी ने अपना सम्बोधन केवल आतंकवाद, अफगानिस्तान और संयुक्तराष्ट्र की मजबूती तक ही सीमित रखा, उन्होंने अपने संबोधन के कुछ ही घण्टों पहले पाक प्रधानमंत्री के सम्बोधन के दौरान लगाए गए गंभीर आरोपों का कोई जवाब नहीं दिया, खासकर जम्मू-कश्मीर पर भारत द्वारा जबरन किए गए कब्जे के गंभीर आरोप का। इमरान खान ने भारत सरकार व सत्तारूढ़ भाजपा पर मुसलमानों के साथ छलावा व भेदभाव के भी आरोप अन्तर्राष्ट्रीय मंच से लगाए, किंतु इन आरोपों पर भी मोदी जी मौन रहे, जबकि उन्हें इन आरोपों का माकूल जवाब देना चाहिये था, मोदी जी की अपेक्षा तो संयुक्तराष्ट्र संघ में भारत की पहली सचिव स्नेहा दुबे ने पाकिस्तान की बेहतर खिंचाई कर दी और स्पष्ट रूप से इमरान को कह दिया कि ÷आतंक को पालते हो और कश्मीर के सपने देखतें हो?÷ स्नेहा जी ने तो इमरान को पाक अधीकृत कश्मीर भी भारत को सौंपने का 'अल्टिमेटम' दे दिया। भारत में मुसलमानों की स्थिति के बारे में इमरान द्वारा दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए स्नेहा ने इमरान से कह दिया कि वह पाकिस्तान में रह रहे अल्पसंख्यक, हिन्दुओं को सताना बंद करें, वर्ना भारत चुपचाप नहीं बैठेगा। वह पाक की इस भेदभावी कार्यवाही का मुंह तोड़ जवाब देगा। इस प्रकार स्नेहा जी ने हर दृष्टि से पाक को आड़े हाथों लिया जबकि यह



अपेक्षा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से की जा रही थी, मोदी जी इस अन्तर्राष्ट्रीय मंच से केवल पच्चीस मिनट बोले, वह भी आतंकवाद, तालिबान, अफगानिस्तान और पाक-चीन व तालीबान की सांठ-गांठ पर। पाक प्रधानमंत्री के गंभीर आरोपों पर उन्होंने एक शब्द भी नहीं बोला। यही नहीं तालिबान की मांग उसे राष्ट्रसंघ द्वारा मान्यता देने पर भी मोदी जी ने कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नही की। कुल मिलाकर इमरान के आरोपपूर्ण सम्बोधन की मोदी जी ने पूरी तरह उपेक्षा की। मोदी जी के इस मौन का संयुक्तराष्ट्र संघ के अन्य सदस्य देश क्या अर्थ निकालेगें? साथ ही संयुक्तराष्ट्र संघ की मजबूती और उसकी मौजूदा कार्यप्रणाली में सुधार को लेकर मोदी जी द्वारा व्यक्त विचारों को किस दृष्टि से लिया जाएगा? यह महज ही प्रश्न उठाया जा सकता है कि मोदी जी संयुक्तराष्ट्र संघ में किस तरह की मजबूती और उसकी कार्यप्रणाली में कैसे सुधार चाहते है? वैसे भी ऐसे प्रश्नों पर विचार करना अमेरिका-रूस जैसे महादेशों का काम है या स्वयं संयुक्तराष्ट्र संघ की विशेष समिति उस पर विचार करें? ऐसे प्रश्न उछालकर अपने आपको जगदुरू सिद्ध करने की हमें क्या आवश्यकता है? यह तो हुई संयुक्तराष्ट्र संघ में मोदी जी के सम्बोधन की बात। अब यदि इस मसले पर गंभीर चिंतन-मनन किया जाए कि मोदी जी की चार दिनी अमरिकी यात्रा अपने मकसद में सफल रही या नहीं? तो इस पर भी कई सवाल उठाए जा रहे है, यद्यपि राष्ट्रपति बनने के बाद जो बाइडन से मोदी जी की यह पहली प्रत्यक्ष मुलाकात थी, किंतु इस भेंट में जो जोश-खरोश अपेक्षित था, वैसा नजर नहीं आया। अमरिकी राष्ट्रपति अफगानिस्तान काण्ड पर सफाई देते रहे और हमारे प्रधानमंत्री जी भारतीय सीमा की समस्याओं व चीन-पाक की शिकायतों में ही व्यस्त रहे। यद्यपि यहां यह उल्लेख करना भी सही होगा कि अफगानिस्तान व चीन-पाक के मुद्दें पर अमेरिका का सहयोग भी अपेक्षित ही था, क्योंकि चीन की गतिविधियां अमेरिका को रास नहीं आ रही है, इसलिए इस मामले में भारत का साथ देना अमेरिका की मजबूरी है, किंतु इस मजबूरी का लाभ भारत कैसे उठाए? उस पर गंभीर चिंतन कर भारतीय प्रधानमंत्री को इस मामले को अपने हित को परिलक्षित करते हुए आगे बढ़ाना चाहिये था। किंतु अभी भी समय से भारत अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी साख बढ़ाने के लिए मौजूदा अन्तर्राष्ट्रीय समस्याओं पर अपना ऐसा रवैया प्रदर्शित कर सकता है।

# विक्रमशिला विद्यापीठ से वैश्विक स्तर तक हिंदी यात्रा !

### सूडोकु नवताल-5848

✱✱✱✱✡ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5847 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

**डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

हिंदी को जन्म की या फिर आत्मा की भाषा कहे तो गलत नही होगा।हिंदी को वैश्विक स्तर की भाषा बनाने में विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ का अभूतपूर्व योगदान अभूतपूर्व है।हिंदी को साथ लेकर यह पीठ अपने आगोश में शिक्षा का भी स्वर्णिम इतिहास समेटे हुए है।सन 775 से सन 800 ईसवी तक पाल वंश के शासक रहे राजा धर्मपाल द्वारा स्थापित इस पुरातन विश्वविद्यालय ने अपनी हिंदीमयी शिक्षा के उच्चतर मानदण्डों को छूते हुए विश्व स्तर पर प्रतिष्ठा प्राप्त की।वर्तमान में भी इस विश्वविद्यालय के भग्नावशेष व विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ नाम से भारतीय अधिनियम के तहत पंजीकृत होकर यह पीठ दुनियाभर में हिंदी सेवा का अभियान चला रही है।

इसी के अंतर्गत जिन महान लोगो ,संस्थाओं व आंदोलनों के समय हिंदी आगे बढ़ी उन सबको को सामने लाने और हिंदी का एक स्वर्णिम इतिहास रचने का भी लक्ष्य चल रहा है।हिंदी को सिर्फ भारत की भाषा हम नही कह सकते।वस्तुतः हिंदी मे अ, आ,इ, ई,ओ,उ,के जो स्वर गूंजते है ,वही स्वर नवजात शिशु के रुदन से भी गूंजते है। दुनिया के सभी नवजात शिशुओं के रुदन की ध्वनि एक ही प्रकार की है।जिसमे हिंदी की ध्वनि सुनाई देती है।इसलिए हम कह सकते है कि हिंदी हर मानव के जन्म की भाषा है।चाहे फिर वह किसी भी देश या प्रांत का व्यक्ति क्यो न हो।

स्वतंत्रता संग्राम के समय भी हिंदी स्वाधीनता सेनानियों के सम्पर्क की भाषा रही,तभी तो हिंदी स्वतंत्रता संग्राम के



दौरान राष्ट्रभाषा कहलाई और उसने यह सम्मान प्राप्त भी किया।हिंदी के लिए राष्ट्रभाषा शब्द कोई संवैधानिक शब्द नहीं है, बल्कि यह प्रयोगात्मक, व्यावहारिक व जनमान्यता प्राप्त शब्द है।

राष्ट्रभाषा सामाजिक, सांस्कृतिक स्तर पर देश को जोड़ने का काम करती है अर्थात् राष्ट्रभाषा की प्राथमिक शर्त देश में विभिन्न समुदायों के बीच भावनात्मक एकता स्थापित करना है।

राष्ट्रभाषा का प्रयोग क्षेत्र विस्तृत और देशव्यापी होता है। राष्ट्रभाषा सारे देश की सम्पर्क-भाषा होती है। जिसका व्यापक जनाधार होता है।राष्ट्रभाषा हमेशा स्वभाषा ही हो सकती है क्योंकि उसी के साथ जनता का भावनात्मक लगाव होता है।राष्ट्रभाषा का स्वरूप लचीला होता है और इसे जनता के अनुरूप किसी रूप में ढाला जा सकता है।हिंदी दीर्घकाल से देश में जन-जन के पारस्परिक सम्पर्क की भाषा रही है। यह केवल उत्तरी भारत की नहीं, बल्कि दक्षिण भारत के आचार्यों वल्लभाचार्य, रामानुज, रामानंद ,शंकराचार्य आदि ने भी इसी भाषा के माध्यम से अपने मतों का प्रचार किया था। अहिंदी भाषी राज्यों के भक्त-संत कवियों जैसे–असम के शंकरदेव, महाराष्ट्र के ज्ञानेश्वर व नामदेव, गुजरात के नरसी मेहता, बंगाल के चैतन्य आदि ने इसी भाषा को अपने धर्म और साहित्य का माध्यम बनाया था।जनता और सरकार के बीच संवाद के क्रम में जब फ़ारसी या अंग्रेज़ी के माध्यम से परेशानी हुई तो अंग्रेजों ने फ़ोर्ट विलियम कॉलेज में हिंदी विभाग खोलकर अधिकारियों को हिंदी सिखाने की व्यवस्था की। यहाँ से हिंदी पढ़े हुए अधिकारियों ने भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में उसका प्रत्यक्ष लाभ देकर मुक्त कंठ से हिंदी को सराहा। सी. टी. मेटकाफ़ ने 1806 ई. में अपने गुरु जॉन गिलक्राइस्ट को लिखा– %भारत के जिस भाग में भी मुझे काम करना पड़ा है, कलकत्ता से लेकर लाहौर तक, कुमाऊँ के पहाड़ों से लेकर नर्मदा नदी तक मैंने उस भाषा का आम व्यवहार देखा है, जिसकी शिक्षा आपने मुझे दी है। मैं कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक या जावा से सिंधु तक इस विश्वास से यात्रा करने की हिम्मत कर सकता हूँ कि मुझे हर जगह ऐसे लोग मिल जाएँगे जो हिन्दुस्तानी बोल लेते होंगे।%

टॉमस रोबक ने 1807 ई. में लिखा– जैसे इंग्लैण्ड जाने वाले को लैटिन सेक्सन या फ़्रेंच के बदले अंग्रेज़ी सीखनी चाहिए, वैसे ही भारत आने वाले को अरबी-फ़ारसी या संस्कृत के बदले हिन्दुस्तानी यानि हिंदी सीखनी चाहिए।

## पंजाब: भस्मासुरी राजनीति

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

पंजाब की कांग्रेस में खड़े हुए संकट के फलितार्थ क्या-क्या हो सकते हैं? इस संकट का सबसे पहला संदेश तो यही है कि कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व की योग्यता पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। माँ-बेटा और भाई-बहन पार्टी के नेताओं ने सबसे पहले अमरिंदरसिंह को मुख्यमंत्री पद छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया। अमरिंदर क्या अब चुप बैठेंगे? वे जो भी निर्णय करें, वे अपने अपमान का बदला लेकर रहेंगे। शीघ्र ही होनेवाले पंजाब के चुनाव में अमरिंदर का जो भी पैंतरा होगा, वह कांग्रेस की काट करेगा। दूसरा, नए मुख्यमंत्री के लिए चरणसिंह चन्नी की नियुक्ति राजनीतिक दृष्टि से उचित थी, क्योंकि अन्य प्रतिद्वंदी पार्टियां भी अनुसूचित नेताओं को आगे कर रही हैं लेकिन पार्टी अध्यक्ष नवजोतसिंह सिद्धू का इस्तीफा अपने आप में इतनी बड़ी घटना है कि उसने कांग्रेस पार्टी की रही-सही छवि को भी तार-तार कर दिया है। सिद्धू ने जो सवाल उठाए हैं, उन्हें गलत नहीं कहा जा सकता। उन्होंने ऐसे मंत्रियों और अफसरों की नियुक्ति पर प्रश्न-चिन्ह खड़े कर दिए हैं, जो अकाली पार्टी के घनघोर समर्थक रहे हैं या जिन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप रहे हैं। लेकिन सिद्धू के इस एतराज़ पर उनका एकदम इस्तीफा दे देना क्या दो बातों का सूचक नहीं है? एक तो सिद्धू अपनी उपेक्षा से अपमानित महसूस कर रहे हैं और दूसरा, वे इतने घमंडी हैं कि उन्होंने अपना असंतोष दिल्ली को बताना भी जरुरी नहीं समझा। पार्टी-अध्यक्ष के नाते वे शायद चाहते थे कि हर नियुक्ति में उनकी राय को लागू किया जाए। यदि ऐसा होता तो मुख्यमंत्री चन्नी रबर की मुहर के अलावा क्या दिखने लगते? चन्नी की नियुक्ति के समय कहा जा रहा था कि वे तो चुनाव तक कामचलाऊ मुख्यमंत्री हैं। चुनाव तो लड़ा जाएगा, सिद्धू के नाम पर और वे ही पक्के मुख्यमंत्री बनेंगे। लेकिन उनके इस्तीफे ने कांग्रेस को इतना बड़ा झटका दे दिया है कि उसका चुनाव जीतना मुश्किल हो गया है। अब पंजाब की कांग्रेस कई खेमों में बंट गई है। अब अमरिंदर और सिद्धू के ही दो खेमे नहीं हैं। अब सुनील जाखड़, सुखजिंदर रंधावा और राणा गुरजीतसिंह के खेमे भी अपनी-अपनी तलवार भांजे बिना नहीं रहेंगे। टिकिटों के बंटवारे को लेकर गृहयुद्ध मचेगा। जो भी अब नया कांग्रेस अध्यक्ष बनेगा या सिद्धू यदि फिर लौटेंगे तो यह मानकर चलिए कि उन्हें कांग्रेस के लकवाग्रस्त शरीर को चुनाव तक अपने कंधों पर घसीटना होगा। कांग्रेस के इस अंदरूनी दंगल ने आप पार्टी, भाजपा और अकाली दल की बांछें खिला दी हैं। यदि सिद्धू को वापस लाया जाता है तो चन्नी की स्थिति शून्य हो जाएगी और सिद्धू का इस्तीफा मंजूर होता है तो कांग्रेस मस्तकविहीन शरीर बन जाएगी।

# स्ट्रेस की वजह से प्रभावित होती है निजी जिंदगी, तो ये 5 घरेलू उपाय मददगार हो सकते हैं



एक समय था जब लोग अपनों के साथ समय बिताया करते थे और उनसे अपने मन की बात कहते थे और उनके मन की बातें सुना करते थे. ऐसे में मन का बोझ आसानी से हल्का हो जाता था. लेकिन आज के मशीनी युग में सब कुछ इतना फास्ट है, कि न तो व्यक्ति को अपनी बातें शेयर करने का समय मिल पाता है और न ही सुनने के लिए किसी के पास समय है.

छोटे बच्चे भी जो, पहले आउटडोर एक्टिविटीज में हिस्सा लेते थे, वे घर में मोबाइल गेम में उलझकर रह गए हैं. बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक हर वर्ग सिर्फ मशीनी युग की गिरफ्त में आ चुका है. यही वजह है कि आजकल लोगों तनाव की समस्या बहुत कॉमन हो गई है. स्ट्रेस व्यक्ति को अंदर से गुस्सैल और चिड़चिड़ा बनाने के साथ कई तरह की बीमारियों का शिकार भी बना देता है. यहां जानिए कुछ ऐसे घरेलू उपाय जो स्ट्रेस को कम करने में सहायक हो सकते हैं.

### तुलसी

तुलसी में कई तरह के औषधीय गुण होते हैं. आमतौर पर आपने तुलसी का इस्तेमाल आपने सर्दी, खांसी और जुकाम आदि समस्याओं के लिए होते देखा होगा. लेकिन तुलसी आपके तनाव को भी कम करने में सहायक है. वर्कप्लेस से लौटने के बाद आप तुलसी की पत्तियों को पानी में उबाल कर उसमें थोड़ा नींबू और शहद डालकर पिएं. आपको काफी आराम मिलेगा. इसे रोजाना करने से आप तनाव ही नहीं, बल्कि तमाम समस्याओं से बचे रहेंगे.

### अश्वगंधा

अश्वगंधा को भी स्ट्रेस दूर करने में मददगार माना जाता है. इसमें एंटी-स्ट्रेस गुण पाए जाते हैं. आप रोजाना रात को सोते समय गुनगुने दूध के साथ अश्वगंधा चूर्ण लेने की आदत डालें. इससे तनाव दूर होने के साथ शरीर की कमजोरी दूर होगी और नींद अच्छी आएगी.

### ग्रीन टी

ग्रीन टी को वजन कम करने के साथ स्ट्रेस कम करने में भी उपयोगी माना जाता है. ग्रीन टी में मौजूद एल-थिएनाइन तनाव को घटाने में मददगार माना जाता है. अगर आप अक्सर स्ट्रेस में रहते हैं तो सामान्य चाय पीने की बजाय ग्रीन टी लेने की आदत डालें.

### लैवेंडर ऑयल

लैवेंडर ऑयल को भी स्ट्रेस दूर करने के लिए काफी अच्छा माना जाता है. ये तनाव दूर करके मूड को फ्रेश करता है. लैवेंडर ऑयल की खुशुबू हैप्पी हार्मोन्स को बढ़ाने का काम करती है. इससे तनाव कम होता है. आप किसी अन्य तेल में लैवेंडर ऑयल की दो से चार बूंदे डालकर अपने सिर की मसाज कर सकते हैं. इसके अलावा डिफ्यूजर में लैवेंडर ऑयल डालकर अरोमाथेरेपी लेने से भी काफी आराम मिलता है.

### बादाम और अखरोट

बादाम और अखरोट दिमाग को ताकत देते हैं. दिन भर वर्कप्लेस पर काम करने के बाद जो थकान होती है, उससे बचाव करते हैं. इसके लिए रोजाना बादाम और अखरोट को भिगोकर उसे पीसकर गुनगुने दूध में मिक्स करके पिएं. कुछ दिन ऐसा करके देखिए. इससे आपको काफी बेहतर महसूस होगा.

## पुरुष से ज्यादा महिला संग इंटिमेट होना आसानः मल्लिका शेरावत



मल्लिका शेरावत ने बताया है कि ऑनस्क्रीन एक महिला संग इंटिमेट होना उनके लिए आसान रहा या फिर मुश्किल। बता दें कि 'नकाब' में मल्लिका ने ऐक्ट्रेस ईशा गुप्ता के साथ इंटिमेट सीन किया है, जो बेहद चर्चा में हैं। इस सीन को लेकर मल्लिका ने कहा है कि एक पुरुष से ज्यादा महिला के साथ इंटिमेट होना ज्यादा आसान है। मल्लिका शेरावत ने अपने करियर में काफी बोल्ड रोल किए। बल्कि उन्हें करियर में पहचान बोल्ड किरदार निभाकर ही मिली। फिल्म 'ख्वाहिश' में मल्लिका शेरावत ने मेल को-स्टार के साथ करीब 17 किसिंग सीन किए थे। मल्लिका शेरावत से जब पूछा गया कि एक फीमेल के साथ इंटिमेट सीन करना कितना मुश्किल रहा, तो उन्होंने कहा, 'यह बिल्कुल भी मुश्किल नहीं था। एक फीमेल के साथ इंटिमेट होने में उन्हें किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं हुई। बल्कि यह एक पुरुष के साथ (ऑनस्क्रीन) इंटिमेट होने से भी ज्यादा आसान है।' बता दें कि 'नकाब' की कहानी एक हाई प्रोफाइल ऐक्ट्रेस के सूइसाइड की कहानी है, जिससे पूरे देश में हलचल मच जाती है। मल्लिका इस सीरीज में एकदम हटकर

# श्वेता तिवारी की बेटी पलक की डेब्यू फिल्म रोजीः द सैफ्रॉन चैप्टर अक्टूबर में होगी रिलीज



श्वेता तिवारी टीवी जगत की मशहूर अदाकारा हैं। उन्होंने छोटे पर्दे पर अपने अभिनय से लाखों प्रशंसकों के दिलों में जगह बनाई है। इस साल श्वेता की बेटी पलक तिवारी फिल्मों में अपनी डेब्यू को लेकर सुर्खियों में छाई रही हैं। वह विवेक ओबेरॉय की फिल्म रोजीः द सैफ्रॉन चैप्टर से फिल्मों में कदम रखने जा रही हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि पलक की यह फिल्म इसी साल अक्टूबर में रिलीज होगी।

**रिपोर्ट के मुताबिक, पलक की डेब्यू फिल्म रोजीः** द सैफ्रॉन चैप्टर अक्टूबर में रिलीज होने वाली है। फिल्म की प्रोड्यूसर प्रेरणा वी अरोड़ा ने इस संबंध में खुलासा किया है। उन्होंने फिल्म की रिलीज को लेकर कहा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि रोजी इस साल अक्टूबर में रिलीज होगी। यह फिल्म नोएडा में घटित हुए एक वास्तविक जीवन की घटना पर आधारित है।

प्रेरणा ने बातचीत करते हुए आगे कहा कि उनका फोकस अकाल मृत्यु पर होगा। फिल्म में दिखाया जाएगा कि एक परिवार में असमय मृत्यु के बाद परिवार वालों और दोस्तों पर इसका क्या प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा, फिल्म के जारी किए गए टीजर ने दर्शकों को कहानी की एक झलक दिखा दी थी। फिल्म के टीजर को अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। हम यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते कि दर्शक फिल्म पर कैसी प्रतिक्रिया देते हैं। इस फिल्म की शूटिंग पुणे, लखनऊ और भारत के अन्य क्षेत्रों में की गई है। यह फिल्म एक डरावनी प्रेम कहानी पर आधारित है। फिल्म में अरबाज खान और तनीषा मुखर्जी भी नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन विशाल रंजन मिश्रा ने किया है। यह फिल्म रोजी के किरदार के इर्दगिर्द घूमती है, जो सैफ्रॉन बीपीओ की कर्मचारियों होती हैं। फिल्म में दिखाया जाएगा कि कैसे इस बीपीओ पर भूत-प्रेत का साया मंडराता है। यह विवेक के प्रोडक्शन में बनने वाली पहली है। इस फिल्म में मल्लिका शेरावत के दिखने की भी चर्चा चली थी। यह एक सच्ची घटना पर आधारित हॉरर थ्रिलर होगी। यह फिल्म इसी साल 25 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी।

# नुसरत भरूचा की फिल्म 'जनहित में जारी' की शूटिंग शुरू, सामने आईं तस्वीरें



नुसरत भरूचा की अपकमिंग फिल्म 'जनहित में जारी' में जारी की शूटिंग शुरू हो गई है। इसके लिए भानुशाली स्टूडियो लिमिटेड ने फिल्ममेकर राज शांडिल्य के साथ हाथ मिलाया है। फिल्म में अन्नू कपूर, अनुद सिंह ढाका और पारितोष त्रिपाठी जैसे ऐक्टर्स भी नजर आएंगे।

'जनहित में जारी' एक असामान्य लेकिन प्रासंगिक और कॉमिडी फिल्म है। हाल ही में फिल्म की शूटिंग मध्य प्रदेश के चंदेरी में शुरू हुई। बताया जा रहा है कि यह फिल्म अपने सब्जेक्ट के जरिए पुरानी परंपराओं को तोड़ने की कोशिश करेगी। फिल्म में नुसरत बिल्कुल अलग अवतार में नजर आएंगी। ऐसा रोल उन्होंने पहले नहीं किया है। अपने किरदार के बारे में ऐक्ट्रेस कहती हैं, 'जनहित में जारी एक बेहद दिलचस्प कॉन्सेप्ट है। जैसे ही मैंने स्क्रिप्ट सुनी, तुरंत फिल्म का हिस्सा बनने का फैसला कर लिया। 'ड्रीम गर्ल' के बाद एक बार फिर राज शांडिल्य के साथ फिल्म करना एक बेहतरीन एहसास है।' वहीं, अपने दूसरे प्रॉडक्शन के बारे में प्रड्यूसर विनोद भानुशाली कहते हैं, 'मैं हमेशा ऐसी अच्छी कहानियों का प्रशंसक रहा हूं जो आपको सोचने पर मजबूर करती है। जनहित में जारी बिल्कुल ऐसी ही है। राज की कहानी मनोरंजक होती है और अच्छा संदेश भी देती है। नुसरत इस फिल्म के साथ अपनी एक अलग पहचान बनाने और दर्शकों को आश्चर्यचकित करने जा रही हैं।

## राज और डीके की अगली वेब सीरीज के लिए साथ आए राजकुमार राव और दिलजीत दोसांझ

कोरोना काल में कई बड़े सितारों ने डिजिटल जगत की ओर रुख किया है। हर बड़ा सितारा डिजिटल की दुनिया में आने के लिए उत्सुक है। अब खबर है द फैमिली मैन जैसी सुपर-डुपरहिट वेब सीरीज बना चुके राज और डीके अपनी अगली वेब सीरीज लेकर आ रहे हैं। इसके लिए उन्होंने दो अभिनेताओं का चयन कर लिया है। ये दो कलाकार कोई और नहीं, बल्कि राजकुमार राव और दिलजीत दोसांझ हैं। राजकुमार इससे पहले राज और डीके की फिल्म स्त्री में काम कर चुके हैं, वहीं, दिलजीत दोसांझ के लिए यह पहला अनुभव होगा। राज और डीके की यह वेब सीरीज नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। कृष्णा डीके की पत्नी और एसोसिएट प्रोड्यूसर अनु ने भी इस खबर पर अपनी मुहर लगा दी है। उन्होंने कहा, सीरीज के लिए राजकुमार और दिलजीत दोसांझ के नाम पर विचार किया जा रहा है। हालांकि, उन्होंने अभी यह साइन नहीं की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले साल इस सीरीज पर काम शुरू होगा। दरअसल, इस समय राज और डीके अपनी अन्य वेब सीरीज में व्यस्त हैं, जिसमें शाहिद कपूर, राशि खन्ना और साउथ के सुपरस्टार विजय सेतुपति अहम भूमिका निभा रहे हैं। इसकी शूटिंग पूरी करने के बाद वे राजकुमार और दिलजीत अभिनीत सीरीज के काम पर जुटेंगे। इस बीच सीरीज के लिए लीड अभिनेत्री और अन्य सहायक कलाकारों की तलाश की जा रही है। राजकुमार, हंसल मेहता की फिल्म स्वागत है का हिस्सा हैं। वह फिल्म मोनिका ओह माय डार्लिंग को लेकर भी सुर्खियों में है। राजकुमार फिल्म हम दो हमारे दो में काम कर रहे हैं। वह सेकेंड इनिंग और बधाई दो में भी नजर आएंगे। राजकुमार इन दिनों तेलुगु फिल्म हिट के हिंदी रीमेक की शूटिंग कर रहे हैं। वह फिल्म लाइफ इन अ मेट्रो के सीच्ल में दिखने वाले हैं। उन्हें फिल्म स्त्री 2 में भी देखा जा सकता है।

# अनन्या पांडे ने बिकिनी पहनकर पूल में किया इंजॉय, हर तस्वीर पर बार-बार ठहरेगी नजर



बॉलिवुड ऐक्ट्रेस अनन्या पांडे को इंडस्ट्री में आए अभी कुछ समय ही हुआ लेकिन उनकी काफी लोकप्रियता है। ऐक्टिंग के साथ ही वह सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहती हैं और अपनी ग्लैमरस तस्वीर शेयर करती रहती हैं। अनन्या पांडे ने एक बार फिर बिकिनी पहनकर तस्वीरें शेयर की हैं। अनन्या पांडे ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से अपने मालदीव वकेशन से दो तस्वीरें शेयर की हैं। इसमें अनन्या पांडे ऑरेंज बिकिनी पहनकर पूल में डक पर बैठकर वो चिल करती नजर आ रही हैं। ऐक्ट्रेस भले ही मालदीव से वापस आ गई हैं लेकिन वहां की यादों को भूल नहीं पा रही हैं। अनन्या पांडे की इन तस्वीरों को फैंस खूब पसंद कर रहे हैं और कॉमेंट कर रहे हैं। अनन्या पांडे की तस्वीरों को खबर लिखे जाने तक 4 घंटे में 6 लाख के करीब लोग लाइक कर चुके थे। फैंस कॉमेंट सेक्शन में उन पर प्यार बरसा रहे हैं। अनन्या पांड की फिल्म 'खो गए हम कहां' की हाल में घोषणा की है। इस फिल्म में अनन्या पांडे के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव भी हैं। फिल्म को अर्जुन वरैन सिंह डायरेक्ट करेंगे। फिल्म बॉम्बे शहर में तीन दोस्तों की 'डिजिटल' एज की कहानी के रूप में बताया गया है। ये फिल्म अगले साल 2023 में रिलीज होगी। अनन्या पांडे फिल्म 'खो गए हम कहां' के अलावा शकुन बत्रा की अनाम फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी और दीपिका पादुकोण के साथ काम कर रही हैं। वह फिल्म 'लाइगर' में विजय देवरकोंडा के साथ भी में नजर आएंगी। अनन्या पांडे ने साल 2019 में फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से बॉलिवुड डेब्यू किया था। इसके बाद अनन्या पांडे 'पति पत्नी और वो', 'खाली पीली' और 'अंग्रेजी मीडियम' जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

# एलोवेरा को अपने आहार में शामिल करने के फायदे और दिलचस्प तरीके

एलोवेरा सबसे प्रसिद्ध और व्यापक रूप से इस्तेमाल किए जाने वाले पौधों में से एक है. ये अपने औषधीय और स्वास्थ्य लाभों के लिए जाना जाता है. ये न केवल शरीर के स्वास्थ्य के लिए अच्छा माना जाता है, बल्कि त्वचा और बालों के लिए भी बहुत अच्छा माना जाता है. एलोवेरा के पौधे कई घरों के गार्डन में मिल जा सकते हैं, क्योंकि ये पौधा आसानी से और जल्दी बढ़ता है. इसे कम से कम देखभाल की आवश्यकता होती है.

बहुत से लोग केवल एलोवेरा और इसके प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल हेल्दी त्वचा और बालों के लिए करते हैं. इसका इस्तेमाल अक्सर खाने-पीने की चीजों में भी किया जाता है. आप अपने आहार में एलोवेरा को कैसे शामिल कर सकते हैं और इसके फायदे क्या हैं आइए जानें.


### एलोवेरा के स्वास्थ्य लाभ

एलोवेरा में कई एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, क्योंकि इसमें प्लांट कंपाउंड पॉलीफेनोल्स अधिक मात्रा में होता है. एलोवेरा का सेवन त्वचा और बालों के लिए फायदेमंद है.

### पाचन को बढ़ाता है

<ये पाचन तंत्र को स्वस्थ रखता है. ये आंत में अच्छे बैक्टीरिया के स्तर को बढ़ाता है

**डायबिटीज के रोगियों के लिए फायदेमंदः** अध्ययनों के अनुसार एलोवेरा




इंसुलिन संवेदनशीलता को बढ़ाकर टाइप -2 डायबिटीज से पीड़ित लोगों की मदद कर सकता है. ये ब्लड शुगर के स्तर को कंट्रोल करने में मदद कर सकता है.

### वजन घटाने को बढ़ावा दे सकता है

एलोवेरा का सेवन करने से भी व्यक्ति को अपना वजन कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है. जेल को डिटॉक्सिफाइंग, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुणों के लिए जाना जाता है. ये इम्युनिटी और पाचन को बढ़ावा देने के लिए भी जाना जाता है. इससे वजन कम करने में मदद मिल सकती है.

### एलोवेरा का सेवन कैसे करें

एलोवेरा जूसः एलोवेरा का सेवन करने का सबसे आसान तरीका इसका जूस है. अपने एलो लीफ को छोटे-छोटे हिस्सों में काटें, पत्ती की ऊपरी हरी परत को हटा दें और फिर जेल को बाहर निकाल लें. जेल को धो लें और इसे नारियल पानी/सादा पानी और थोड़े से शहद के साथ फूड प्रोसेसर में डालें और ब्लेंड करें.।आप मिश्रण में सेब या खीरे के जूस सहित अपने पसंदीदा जूस मिला सकते हैं।

## 'गदर' फिल्म के फैंस के लिए आई गुड न्यूज, जल्द शुरू होने वाली है सीक्वल की शूटिंग

सनी देओल और अमीषा पटेल स्टारर फिल्म 'गदर एक प्रेम कथा' जब 20 साल पहले रिलीज हुई थी. तो इसने कई बड़ी फिल्मों को पीछे छोड़ते हुए सफलता के आयाम को छुआ था. तब से इस फिल्म के सीक्वल को लेकर फैंस इंतजार में है और अब इस फिल्म को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है.जो इसके फैंस के लिए गुड न्यूज से कम नहीं है. रिपोर्ट के अनुसार अनिल शर्मा ने इस फिल्म की कहानी को पूरा कर लिया है. इस फिल्म में तारा सिंह के रोल में सनी देओल दिखाई देंगे. सकीना का रोल अमीषा पटेल ही करेंगी. तो इन दोनों के बेटे चरणजीत उर्फ जीते के रोल में उत्कर्ष शर्मा नजर आएंगे. जहां पहले पार्ट में सनी देओल को पाकिस्तान की सरजमीं गदर मचाते हुए देखा गया था. बताया जा रहा है इस बार भी तारा सिंह यानी सनी देओल पाकिस्तान जाएंगे और कहर मचाएंगे पर उनका ये गुस्सा फूटेगा अपने बेटे के लिए. रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का प्री-प्रोडक्शन पूरा हो चुका है और फिल्म नवंबर में शुरू हो सकती है. अनिल शर्मा निर्देशित 2001 में रिलीज हुई फिल्म 'गदर एक प्रेम कथा' के गाने, डायलॉगस ,कहानी सबको फैंस का बहुत प्यार मिला था। .इस फिल्म ने बॉक्स-ऑफिस के कई रिकॉर्ड तोड़ दिए थे.आपको बता दें इस फिल्म ने उस वक्त 100 करोड़ कमाए थे साथ ही कई अवॉर्ड्स भी अपने नाम किए थे. आपको बता दें कि साल 2018 में जीनियस से उत्कर्ष ने अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था. लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ढेर हो गई थी.हाल ही में सोशल मीडिया पर उत्कर्ष के जिम में कसरत करते हुए कई पिक्चर्स वायरल हुए थे। उनका गजब का बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन लोगों के बीच चर्चा का विषय रहा था.कहा जा रहा है ये फिटनेस उनकी फिल्म गदर 2 के लिए ही है.ऐसे में उम्मीद है कि गदर 2 उत्कर्ष के लिए उनके करियर ग्राफ को एक स्टेप ऊपर ले जाए. खैर फिल्म को लेकर अब ऑफिशियल अनॉसमेंट कब होती है.ये देखना होगा.

## वन-टू-वन

### हिंदू समाज की युवती से चुपके से शादी कर रहा था मुस्लिम समाज का युवक पुलिस ने किया गिरफ्तार



**संजय सिंह तोमर रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**

**आगरा ।** आपको बता दें कि पूरा मामला थाना लोहामंडी क्षेत्र का है जहां एक और मुस्लिम समाज के युवक द्वारा हिंदू समाज की लड़की को भगाकर चुपके से शादी करने का मामला सामने आया है पुलिस को ऐन मौके पर इसकी जानकारी मिली। तत्काल इंस्पेक्टर लोहा मंडी की टीम ने शादी करने जा रहे युवक एवं युवती को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी में सामने आया है कि युवती के पिता द्वारा पूर्व में मुकदमा दर्ज कराया गया था। दरअसल मुस्लिम समाज से जुड़ा हरीश नाम का एक युवक ने की मंडी निवासी है वह एक युवती को अपने साथ लेकर अमर सिंह वर्मा एडवोकेट के पास शादी के लिए पहुंचा था। एडवोकेट अमर सिंह वर्मा ने जब युवक और युवती के परिवार और समाज के बारे में जांच पड़ताल की तो उन्होंने पाया कि युवती हिंदू समाज से थी और युवक हरीश मुस्लिम समाज से था। योगी सरकार के लव जिहाद कानून को ध्यान में रखते हुए एडवोकेट अमर सिंह ने इसकी सूचना तत्काल एसओ लोहा मंडी को दी। मौके पर पहुंच कर युवक और युवती को गिरफ्तार कर लिया।

### अल्फा पब्लिक स्कूल के 2बच्चों का नवोदय विद्यालय के लिए चयन

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे**

**बालाघाट लांजी –** क्षेत्र के ग्राम भानेगांव स्थित अल्फा पब्लिक स्कूल अपनी विशिष्टता और बेहतर परिणाम के लिए जाना जाता है, जंहा शैक्षणिक गतिविधियों के अलावा व्यावहारिक और शैद्धांतीक मुल्यों का भी अध्ययन कराया जाता है। साथ ही साथ खेल गतिविधियों को भी बड़ी उत्सुकता के साथ आयोजित किए जाते हैं। शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न परिक्षाओं में अवसर प्रदान करना अल्फा पब्लिक स्कूल की विशेषता है। हाल ही में आयोजित नवोदय प्रवेश परीक्षा में बच्चों ने सफलता हासिल कर विद्यालय और परिवार को गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर प्राचार्य एवं संचालक मंडल एवं बच्चों को को बधाईयां मिल रही है। जानकारी में बता दें कि नवोदय विद्यालय की चयन सूची 28 सितंबर को जारी हुई है। जिसमें स्नेहा बोरकर व शीतल भगत का वारासिवनी नवोदय विद्यालय के लिऐ चयन हुआ है। बता दें कि सत्र 2021 - 22 में बालाघाट जिले में 15 हजार फॉर्म भरे गए थे, जिसमें 9 हजार बच्चों ने भाग लिया था । परीक्षा परिणाम उपरांत से 80 विद्यार्थियों का नाम चयन सूची में जारी किया गया है। जिसमें से अल्फा पब्लिक स्कूल से 2 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इसके पुर्व भी 29 विद्यार्थियों का नवोदय विद्यालय के लिए चयन हुआ है। सत्र 2021-22 के लिए स्नेहा पिता नरेश बोरकर भानेगांव व शीतल पिता लक्ष्मण भगत मोहझरी का चयन हुआ है। इस सफलता पर अल्फा पब्लिक स्कूल भानेगांव के संचालक सेवकराम बल्ले एवं? प्राचार्य हेमन्त कुमार बिसेन द्वारा बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।


ALPHA PUBLIC SCHOOL BHANEGAON
TH-LANJI DIST-BALAGHAT
DISE CODE - 23450809808
SELECTED STUDENT IN NAVODAYA VIDAYALAYA
FOR 2021
Ku. Shital Bhagat
Father's Name - Shree Laxman Bhagat
Mother's Name - Smt. Kavita Bhagat
Class - 5th
Ku. Sneha Borkar
Father's Name - Naresh Borkar
Mother's Name - Bindu Borkar
Class - 5th

### स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया।



**महेन्द्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**
**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** स्वदेशी जागरण मंच मध्यभारत प्रांत महानगर ग्वालियर के संयोजक से प्राप्त प्रेस विज्ञप्ती के अनुसार स्वदेशी जागरण मंच ने स्वदेशी सप्ताह के अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर नदी द्वार के भैया ,बहनो को दैनिक उपयोग में स्वदेश के बने सामान का उपयोग करने को कहा ताकि देश का पैसा देश में रहे। ऐसा करने से देश के कामगारो का सामान बिकेगी ।और देश की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। यदि हम विदेशी सामान खरीदेगे तो देश का पैसा उस देश में चला जाएगा और हमारे लोगो का कारोबार प्रभावित होगा। सभी को स्वदेशी वस्तुओ के खरीदने का संकल्प दिलाया। भैया, बहनो को स्वदेशी वस्तुओ की सूची पत्रक वितरित किये। शिशु मंदिर की उप प्राचार्य ने परिचय कराया। स्वदेशी जागरण मंच के महानगर संयोजक श्री के सी शर्मा एवं जिला लश्कर के संयोजक महंत कौस्तुभ शर्मा एडवोकेट जी ने संबोधित किया। व सरस्वती शिशु मंदिर गोरखी के प्राचार्य के बी दीक्षित जी से स्वदेशी कार्यक्रम हेतु संपर्क किया स्वदेशी के कार्यक्रम सप्ताह भर चलेगे जिसमे विद्धालय, सामाजिक संस्थानो तथा हर वार्ड मे स्वदेशी अपनाओ के कार्यक्रम होगे।

# भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष वैभव पंवार का युवा पंवार समाज संगठन लांजी ने किया स्वागत

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे**

बालाघाट जिले की राजनीति में पंवार समाज का अपना एक गौरवशाली इतिहास है। जिसका परिणाम पंवार समाज ने जिले को मंत्री,विधायक सांसद दिये है। वही अब प्रदेश की राजनीति में बदलाव की बयार के साथ भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद 28 सितंबर को लंबे अंतराल के बाद बालाघाट पहुंचे वैभव पंवार के बालाघाट जिले में आगमन के उपरांत भव्य स्वागत वंदन और अभिनंदन युवा पंवार समाज संगठन लांजी के द्वारा किया गया , तथा यूवाओं का जोश जहां वैभव के स्वागत में उमड़ा नजर आया , वहीं वरिष्ठ भाजपा नेताओं का सानिध्य भी वैभव को प्राप्त हुआ। वैभव पवार के बालाघाट आगमन पर गोंदिया से जिले की सीमा में



पहुंचते ही रजेगांव से लेकर बालाघाट आगमन तक जगह - जगह भव्य स्वागत किया गया । इस दौरान पंवार समाज संगठन लांजी के युवाओं का जोश देखते ही बनता था । पुष्पवर्षा और फूलमालाओं एवं आतिशबाजी के अलावा जगह - जगह फलो से तौलकर उनका स्वागत किया गया । इस दौरान युवा पंवार समाज संगठन लांजी के अध्यक्ष भुपेश कटरे, पंकज चौधरी संगठन



सचिव, राहुल बिसेन कोषाध्यक्ष, नेहल गौतम उपाध्यक्ष, नितिन हरिणखेड़े सचिव, मिडिया प्रभारी मोहित राणा, रितेश कटरे उपस्थित रहे। साथ ही भाजयुमो अध्यक्ष गजेन्द्र भारद्वाज , रामेश्वर कटरे , मनोज टेंभरे , सुरजीत सिंह ठाकुर , अमन गांधी जहां पूरे अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान शामिल थे। वहीं बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद थे । भाजपा कार्यालय पहुंचने के दौरान वरिष्ठ नेताओं ने भी यूवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का हर्षपूर्वक स्वागत अभिनंदन किया।

**कार्यकर्ता ही भाजपा की शक्ति , और राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत - वैभव पवार भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष**

बालाघाट में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष वैभव पंवार ने कहा कि पार्टी में कोई प्राथमिकता नहीं होती , कार्यकर्ता ही पार्टी की प्राथमिकता है । चूंकि देश की आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आजादी का अमृत महोत्सव बनाने जा रहा है जिसके चलते वह पूरे प्रदेश के जिलो के दौरे पर हैं। इसी कड़ी में बालाघाट पहुंचे है। भाजपा आजादी के अमृत महोत्सव सेवा ही समर्पण भाव से कार्य कर रही है , जिस कार्य के तहत वे बालाघाट आये है। कार्यकर्ता ही भाजपा की शक्ति , और राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत है।

**वैभव पंवार हमारे पंवार समाज का वैभव - भुपेश कटरे अध्यक्ष युवा पंवार संगठन लांजी:** भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार के बालाघाट आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं तथा पंवार समाज के लोगों ने भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान युवा पंवार समाज संगठन लांजी के अध्यक्ष भुपेश कटरे ने कहा कि योग्य, लग्नशील, जुझारू एवं उच्च व्यक्तित्व के धनी भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता वैभव पवार जी को पार्टी आलाकमान ने उन्हें बड़े दायित्व से नवाजा है।

## अलग अंदाज में मनाया युवा ने जन्मदिन,लगाए वृक्ष

**प्रसिद्ध हनुमान मंदिर श्री रूर सरकार पर किया वृक्षारोपण**

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**दबोह ।** जन्मदिन तो हर कोई अलग अलग अंदाज से फिजूल पैसे खर्च कर मनाता है पर नगर दबोह के युवा ने अपना जन्मदिन एक अलग ही अंदाज में मनाया।यहां बता दें कि कॉग्रेस के युवा नेता विनय गुप्ता(छोटू परा)ने अपना जन्मदिन दबोह क्षेत्र के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर पर वृक्षारोपण कर मनाया।इस दौरान विनय गुप्ता ने सबसे पहले मन्दिर पहुंचकर श्री राम व हनुमान मंदिर में पूजा कर भगवान के दर्शन प्राप्त किये तदोपरांत उन्होंने वहां मौजूद लोगों को प्रसाद के रूप में फल वितरित किये।इस सुअवसर पर युवा नेता विनय गुप्ता ने रूर सरकार मन्दिर परिसर में आम व कठहल के पौधे लगाए और उनकी देखरेख का भी जिम्मा लिया।अपने जन्मदिन के अवसर पर विनय गुप्ता ने कहा कि हमारे देश भारत की संस्कृति एवं सभ्यता वनों में ही पल्लवित तथा विकसित हुई है यह एक तरह से मानव का जीवन सहचर है वृक्षारोपण से प्रकृति का संतुलन बना रहता है वृक्ष अगर ना हो तो नदियों ना ही जल से भरी रहेंगी और ना ही सरिता ही कल कल ध्वनि से प्रभावित होंगी।वृक्षों की जड़ों से वर्षा ऋतु का जल धरती के अंक में पहुँचता है।यही जल स्त्रोतों में गमन करके हमें अपर जल राशि प्रदान करता है वृक्षारोपण मानव समाज का सांस्कृतिक दायित्व भी है क्योंकि वृक्षारोपण हमारे जीवन को सुखी संतुलित बनाए रखता है।वृक्षारोपण हमारे जीवन में राहत और सुख चैन प्रदान करता है।इसी के साथ उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन दाता होते हैं जो



हमारे वातावरण को संतुलित रखने का कार्य करते हैं और इनकी आवश्यकता कितनी है यह हम सभी को कोरोना काल मे समझ आ गया है।आज हम सभी को वृक्षारोपण का जो सुअवसर मिला है यह किसी सौभाग्य से कम नहीं है।एक वृक्ष मानव के सौ पुत्र के समान होता है इसीलिए इनकी देखभाल और रख रखाव भी हमारी जिम्मेदारी बनती है।वृक्ष लगाने से मन में जो आंतरिक खुशी की अनुभूति होती है उसकी कल्पना नहीं की जा सकती।इस दौरान नगर युवक कॉग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता,पत्रकार अजय त्रिपाठी,पत्रकार अर्पित गुप्ता,पत्रकार मोहित गोस्वामी,पत्रकार सुधांशु मुदगल,कन्हैया गुप्ता,आदित्य कौरव,रोहित कोठारी,दीपक रायकवार,रितिक कुरेले,कवि शिवहरे आदि लोग मौजूद रहे।

## कर्णी सेना का विरोध में यादव समाज ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**लहार।** यादव समाज को समाज को जातिसूचक गालियां देने वालो पर हो एफआईआर यह बात यादव समाज(यदुवंशी)संगठन के नवनियुक्त ग्रामीण जिला अध्यक्ष माधव यादव ने कही।यादवों के ऊपर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में बुधवार को जिलाध्यक्ष माधव यादव की अगुवाई में व राहुल यादव ने नेतृत्व में यादव समाज ने लहार एसडीएम के नाम तहसीलदार नवीन भारद्वाज को ज्ञापन सौंपा।जिसमे उन्होंने कर्णी सेना के कार्यकर्ताओं पर कार्यवाही करने की बात कही।उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले में बीते दिनों कर्णी सेना के कुछ कार्यकर्ताओ ने यादव समाज के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी की थी।जिसके चलते यादव समाज के लोगो की भावनाओं को ठेस पहुंची है।उन्होंने कहा कि कर्णी सेना के द्वारा इस तरह की नारेबाजी कर सौहार्द बिगाड़ने का कार्य किया जा रहा है।इसलिए ऐसे लोगो पर जल्द से जल्द कड़ी कार्यवाही की जाए।बीते रोज कर्णी सेना की इस हरकत से मध्यप्रदेश सहित भिण्ड जिले के दबोह में भी यादव समाज के लोगो मे भारी आक्रोश देखने को मिला था।



### लायंस क्लब संस्था के उपलक्ष में निशुल्क स्वास्थ्य जांच व रक्तदान शिविर का आयोजन संपन्न हुआ

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

**मैसूरू–.** लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 317 ए मैसूरु के तत्वावधान में तथा चामराजा विधान सभा क्षेत्र के विधायक एल नागेन्द्र की उपस्थिति में अभियंता दिवस के उपलक्ष में मेघा रक्तदान शिविर,निशुल्क स्वास्थ्य जांच,नेत्र जांच व वैक्सीन टीकाकरण का शिविर लगाया गया द्य दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ द्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.नागराज वी.बैरी रहे द्य इस दौरान पार्षद रमणी,रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष समाजसेवी बनूर महेन्द्र सिंह राजपुरोहित,जंनकसिंह भाटी,पृथ्वी सिंह चांदावत, जयप्रकाश,देवीप्रसाद,दिवाकर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे द्य

## महिलाओं के प्रति रूढ़िवादी सोच को बदले समाज-अंशुमान शर्मा





**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर ।** जेंडर संवेदीकरण का तात्पर्य लैंगिक समानता के बारे में जागरूकता बढ़ाकर व्यवहार में संशोधन करना है। दूसरे शब्दों में इसका तात्पर्य शिक्षा में समानता और किसी भी क्षेत्र में भेदभाव न करने के संबंध में एक निश्चित स्तर की जागरूकता पैदा करना है।

यह पुरुषों और महिलाओं के रूढ़िबद्ध मानसिकता को बदलने की प्रक्रिया है, एक ऐसी मानसिकता जो दृढ़ता से मानती है कि पुरुष और महिला असमान संस्थाएं हैं । यह बात आनंद सहयोगी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में पीएलवी अंशुमान शर्मा ने कही। वे शासकीय विजयराजे गर्ल्स कॉलेज मुरार में सेंसेटाइजेशन फ़ॉर जेंडर जस्टिस विषय आयोजित व्याख्यान माला में बोल रहे थे। साथ ही उन्होंने कहा कि महिलाएं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क कानूनी सहायता ले सकतीं हैं। व्याख्यान माला में मुख्य अतिथि के रूप में अधिवक्ता आरके जोशी ने महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध को लेकर कानून की जानकारी दी। साथ ही कहा कि महिलाएं समाज में अपनी भागीदारी बढ़ाएं। और समाज में अपनी जगह व अपना सम्मान प्राप्त करें। कार्यक्रम का संचालन वीआरजे पीजी कॉलेज की प्रोफेसर मेजर ज्योति उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीआरजे पीजी कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ सुशीला माहौर ने की।

## 02 सितंबर को छापामार कार्यवाही में नहीं बनाया प्रकरण, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी की कार्यवाही पर उठ रहे सवालिया निशान

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे**

**बालाघाट ।** किसानों के हित के लिए कार्य करने वाले कृषि विभाग द्वारा लगातार किसान हित को ध्यान में रखा जाता है तो वहीं अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए विभागीय जिम्मेदारी तय की गई है, ऐसे में समीपस्थ राज्य महाराष्ट्र से अवैध रूप से कृषि सामग्री जैसे खाद फर्टिलाईजर आदि लाकर विक्रय किया जाना गैर कानूनी है बावजूद इसके लांजी तहसील अंतर्गत उपरोक्त संबंध में छापामार कार्यवाही किए जाने और प्रकरण नहीं बनाने का मामला प्रकाश में आया है, जिसके संबंध में प्राप्त जानकारी की माने तो 02 सितंबर को की गई इस छापामार कार्यवाही के बाद से अब तक मामले में प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है जबकि मामले से संबंधित विडियों भी सामने आया है जिसमें वरिष्ठ कृषि अधिकारी काकोड़ियों द्वारा छापामार कार्यवाही के दौरान पूछताछ कर विडियों बनाते हुए विडियों सामने आया है। बताया जाता है कि यह विडियों ग्राम आवा में की गई कार्यवाही के दौरान का है जिसमें 50 बोरी नर्मदा कंपनी का खाद फर्टिलाईजर मिला था जो कि महाराष्ट्र से बिक्री करने हेतु लाया गया था, जहां 02 सितंबर 2021 को लांजी वरिष्ठ कृषि अधिकारी काकोड़िया पंहुचे थे और डुलचंद रूसे




ग्राम आवा के घर पर छापामारी करने के दौरान पूछताछ का विडियों बना रहे थे तभी किसी ने इस कार्यवाही का विडियो बना लिया था। वहीं आवा के किसान से प्राप्त जानकारी की माने तो संतोषी आठोड़े के द्वारा महाराष्ट्र से यह नर्मदा कंपनी का यूरिया फर्टिलाईजर लाया गया था और आवा में जिसके घर छापा मारा गया था,वहीं पंचनामा बनाकर बतौर गवाह हमारे हस्ताक्षर भी लिए गए थे लेकिन आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। जबकि लांजी के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी काकोड़िया ने बताया छापामार कार्यवाही के बाद मौके पर ही उक्त माल को अभिरक्षा में सौंप दिया गया लेकिन प्रकरण दर्ज करने को लेकर कोई ठोस जवाब नहीं दे पाए, साथ ही यह भी कहा गया कि कार्यवाही के लिए उच्च अधिकारियों को प्रकरण भेज दिया गया है, लेकिन प्रकरण के साक्ष्य प्रस्तुत करने में असफल नजर आए।

## पुरानी पेंशन बहाली के लिये गॉधी जयंन्ती पर सत्याग्रह - नीलेश शर्मा

**राधा तोमर रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**

**अम्बाह मुरैना ।** न्यू मूवमेंट फार ओल्ड पेंशन संघ मध्यप्रदेश के मुरैना जिला अध्यक्ष नीलेश शर्मा ने बताया की प्रदेश नेत्रत्व के आह्वान पर मध्यप्रदेश के समस्त जिलों में गाँधी जयंती पर पुरानी पेंशन बहाली हेतु सभी विभागों के 2004 से पेंशन से बंचित केंद्रीय एवं राज्य कर्मचारियों के द्वारा पेंशन यात्रा निकालकर गाँधी जी के समक्ष मांग पत्र वाचन करते हुये प्रार्थना करेंगे तथा पेंशन शपथ लेते हुये सत्याग्रह करेंगे सत्याग्रह के माध्यम से एक देश ,एक संविधान, एक राशनकार्ड फिर पेंशन दो प्रकार की कैसे ? जिसकी कल्पना बापू जी ने की थी तथा संविधान निर्माता बाबा सहाब डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी ने संविधान बनाकर सबको जीने का अधिकार प्रदान किया था परंतु आज तीस से चालीस वर्षो तक अपने जीवनकाल में सेवा देने वाले शासकीय कर्मचारियों को पेंशन बंद कर एन.पी.एस.रूपी बाजारू पेंशन योजना लागू की गयी जबकि एक दिन के लिये ही विधायक ,सांसद बनने पर पेंशन योजना जितनी बार जीत उतनी पेंशन ,वेतन पेंशन साथ साथ ,जबकि राजनीति जन सेवा है माननीय मुख्यमंत्री जी को जिला प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन दिया जा चुका है आज तक कोई विचार नहीं किया गया मुरैना जिले से पोस्टकार्ड माननीय मुख्यमंत्री जी ,विधानसभा अध्यक्ष जी और महामहिम राज्यपाल महोदय को भेजकर पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने का निवेदन किया गया था।



## वन-टू-वन

### तहसील में हुआ लेखपाल संघ का निर्विरोध चुनाव



**संजय सिंह तोमर रिपोर्टर पुष्पांजली टुडे**

खेरागढ़ तहसील स्थित सभागार में लेखपाल संघ कार्यकारिणी शाखा खेरागढ़ का गठन एक बार फिर से दोबारा किया गया पूर्ण रूप से निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ जिसमें चुनाव अधिकारी श्रीमान अनुराग यादव सतीश कुशवाह वह सरदार सिंह रहे नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में महेश चंद यादव को तहसील अध्यक्ष देवेंद्र कुशवाहा को तहसील सचिव/मंत्री दीपक सक्सेना वरिष्ठ उपाध्यक्ष जॉन मेजर कनिष्ठ उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह उपसचिव अजय कुमार कोषाध्यक्ष श्रीमती रमा कुमारी को लेखा परीक्षक मधुरेश तिवारी को मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया जिससे तहसील में खुशी की लहर दौड़ पड़ी वह अन्य तहसील कर्मचारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को सौंपा व माला पहनाकर स्वागत किया.

### हादसे में पांव कटने से दुखी हुआ युवक ने मानसिक तनाव मे आकर फदें पर झूला

**पाल।** राजधानी के रातीबड़ इलाके में रहने वाले एक युवक द्वारा फांसी लगाकर जान देने की घटना प्रकाश मे आई है। बताया गया है कि एक साल पहले हुए हादसे के बाद उसके दोनों पांव कट गए थे। अपाहिज होने के कारण वो डिप्रेशन में रहने लगा था, जिसके चलते बीते दिन उसने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। खुदकूशी के लिये उसने मोहल्ले की पांच साल की मासूम से पहले स्टील की खाली टंकी और लकड़ी मंगवाई थी। लकड़ी से टीन शेड पर लगे पाइप में फंदा बनाकर उसने फांसी लगा ली। पुलिस ने बताया है कि मृतक के पास से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने मौत के लिए स्वयं को जि मेदार बताते हुए पुलिस द्वारा किसी को परेशान न करने की बात लिखी है। थाना पुलिस के अनुसार ज्ञान सिंह पिता गौमता सिंह (22) गांव आमला, थाना रातीबड़ में रहता था। ज्ञान सिंह के परिवार में माता-पिता और दो भाई है। सभी लोग मजदूरी करते हैं। ज्ञान सिंह के पिता गौमता सिंह बीती सुबह मवेशियों के लिए चारा लेने चले गए, जबकि मां बकरी चराने गई थी। ज्ञान सिंह का एक भाई किराना दुकान में काम करता है, और दूसरा मजदूरी दोनों अपने-अपने काम पर चले गए। इस समय घर पर ज्ञान सिंह अकेला था। पुलिस ने बताया कि ज्ञान सिंह एक साल पूर्व सड़क हादसे में अपने दोनों पैर गंवा चुका था। उसके पैर घुटने के ऊपर से कटने के कारण वह काफी परेशान था, और कोई काम नहीं कर पाता था। बीते दिन ज्ञान सिंह ने पड़ोस में रहने वाली पांच साल की मासूम को घर पर बुलाया था। बच्ची घर पहुंची तो ज्ञान सिंह ने उससे एक लकड़ी और घर में रखी स्टील की खाली टंकी अपने पास मंगवाई। बाद मे उसने लकड़ी से रस्सी का फंदा टीन शेड पर बनाया। इसके बाद टंकी पर चढ़कर गले में फंदा डालकर टंकी से कूद गया।

### गंभीर बीमारी से पीडीत युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**भोपाल।** हार्निया की गंभीर बीमारी से पीडीत एक युवक ने पिछले दिनों आपरेशन कराया। इसके बाद भी उसे बीमारी मे आराम नहीं मिला तो तनाव मे आकर उसने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस का कहना है, कि आत्महत्या के सही कारणों का खुलासा जॉच के बाद ही हो सकेगा। पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। कमला नगर पुलिस के अनुसार 35 वर्षीय सतीश शर्मा कोटरा में अपने बड़े भाई और भाभी के साथ रहता था। कोरोना की दूसरी लहर के लॉकडाउन से पहले वह प्राइवेट काम करता था। लेकिन बीमारी के कारण उसने अभी तक शादी नहीं की थी। परिवार वालो ने पुलिस को बताया कि कुछ माह पहले उसने हार्निया का ऑपरेशन कराया था। ऑपरेशन के बाद उसका स्वास्थय मे सुधार तो हुआ लेकिन उसे चलने में परेशानी होती थी। कोरोना की दूसरी लहर के समय से वह घर पर ही रहता था। बीते दिन उसने अपने कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजनों और पड़ोसियों से शुरुआती पूछताछ में सामने आया है, कि ऑपरेशन के बाद उसे चलने में परेशानी होने पर वो डिप्रैशन मे रहने लगा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

### गैर-इरादतन हत्या के मामले में एक स्पेनी महिला गिरफ्तार

**मैड्रिड।** स्पेन में एक महिला अपनी पड़ोसी से इस कदर नाराज हुई कि उसकी दो उंगलियां ही चबा डालीं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके उसके खिलाफ गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। दरअसल, आरोपी महिला को शक था कि उसकी पड़ोसी जादू-टोना करती है, इसी को लेकर दोनों के बीच पहले बहस और फिर हाथापाई हो गई। एक रिपोर्ट के अनुसार स्पेनिश पुलिस का कहना है ?कि से?बिली में रहने वाली 45 वर्षीय महिला को अपनी 48 वर्षीय पड़ोसी पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने पीड़िता की दो उंगलियां अपने दातों से चबाई और फिर उन्हें खा गई। इस पूरी वारदात के समय आरोपी की छह वर्षीय बेटी भी वहीं मौजूद थी। पुलिस को इस घटना के बारे में आसपास रहने वालों ने सूचित किया था। पुलिस अधिकारी जब मौके पर पहुंचे तो उन्होंने पाया कि आरोपी महिला पीड़िता की बुरी तरह पिटाई कर रही थी। एक अधिकारी ने कहा ?कि आरोपी महिला को शक था कि पड़ोसी उसके खिलाफ जादूटोना करती है। वो पानी में नमक मिलाकर उसके घर पर छिड़कती थी। इसी को लेकर दोनों में पहले बहस और फिर हाथापाई शुरू हो गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने पड़ोसी पर पहले भारी पत्थर से वार किया फिर उसे नीचे गिराने के बाद उसकी दो उंगलियां अपने दांतों से काटीं और उन्हें खा गई।

# अर्थ चिंतन 2021 स्वदेशी जागरण मंच की प्रेरणा से आयोजित तीन दिवसीय चर्चा 'अर्थ चिंतन 2021', 25 सितम्बर को सम्पन्न हो गया

**जनसंख्या समस्या नहीं है , यदि जितने पेट हैं तो उससे दुगने हाथ भी हैं**

**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह श्री सी.आर. मुकुंदा ने कहा कि अधिकांश बातें हमारे ग्रंथों में बताई हुई हैं । हमें समाज की संकल्प शक्ति बनानी होगी । संकल्प और कृतित्व से ही भविष्य बनता है । हमें समृद्धि का दृष्टिकोण बदलना होगा और इसके लिए समाज में ÷ समृद्धि पूजा का भाव जागृत करना होगा । दारिद्रय किसी भी समाज को लम्बे समय तक जीवित नहीं रख सकता । समय की बर्बादी और असमर्थता से दरिद्रता आती है । जनसंख्या समस्या नहीं है , यदि जितने पेट हैं तो उससे दुगने हाथ भी हैं । हमें समृद्धि को मंत्र बनाना है , किंतु यह समृद्धि धर्म से नियंत्रित हो , यह भी सुनिश्चित करना होगा । समृद्धि निर्माण , कृषि , व्यापार , उद्योग , सेवा क्षेत्र , हुनर आदि विभिन्न क्षेत्रों के द्वारा होता है । यह कार्य हम अपनी वर्क फोर्स की शक्ति से करें । इसके लिए छोटे समुदायों को साथ लें । समृद्धि हस्तांतरण को समृद्धि निर्माण मानने की भूल हमें नहीं करनी है । दुनिया में शेयर बाजार उतार चढ़ाव , टेक्स बचाव , दलाली , सनसनी से सट्टेबाजी आदि जैसे समृद्धि हस्तांतरण को समृद्धि निर्माण मान लिया जा रहा है । टेक्नोलोज़ी को रोकना सम्भव नहीं है । विश्व के सर्वश्रेष्ठ दिमाग वाली सर्वाधिक युवा शक्ति भारत में है . अतः इससे लाभ उठाने का कौशल विकसित करना होगा । मंच के अखिल भारतीय सह संयोजक डॉ . धनपतराम अग्रवाल ने 25 सितम्बर के दिन का महत्व बताते हुए कहा कि ÷ एकात्म मानव दर्शन ÷ के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म आज के दिन ही हुआ था । उनका मानना था कि पूँजीवाद और साम्यवाद की व्यवस्था सरकार या निजी क्षेत्र में केंद्रीयकरण आधारित होने के कारण % कहीं धन का अभाव या कहीं धन का प्रभाव वाली स्थिति का निर्माण करती हैं । यह स्थिति चल नहीं सकती । अतः उसके विकल्प के रूप में उन्होंने समाज को आगे रखते हुए एक रास्ता बताया । उन्होंने कहा कि ÷ समाज के लिए सरकार है , न कि सरकार के लिए समाज ÷ । इसी दर्शन को व्यावहारिक रूप में ठेंगड़ी जी ने अपनी पुस्तक तीसरा विकल्प में लिखा है । उन्होंने विस्तार से आँकड़ों के साथ विश्वास व्यक्त किया कि भारत में अगले 15 वर्षों में 27 ट्रिल्यन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने की क्षमताएँ हैं । मंच के अखिल भारतीय संगठक श्री कश्मीरी लाल ने स्वदेशी जागरण मंच की तीस वर्षों की यात्रा के अनेक पड़ावों का उल्लेख किया । उन्होंने बताया कि चीनी वस्तुओं के बहिष्कार पर मंच के जन जागरण अभियान का ही परिणाम है कि चीन से व्यापार घाटा जो कि वर्ष 2016 में 64 अरब डॉलर होता था , आज वह घटकर 44 अरब डॉलर रह गया है । उन्होंने युवाओं को मंच का स्वदेशी साहित्य पढ़ने के लिए प्रेरित किया जो कि मंच की विभिन्न 3 साइट्स पर उपलब्ध है । आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर इस चर्चा को गाँवों तक ले जाकर हमें स्वतंत्रता सेनानियों के स्वप्न को साकार करना है । आर्थिक स्वतंत्रता के बिना यह स्वतंत्रता अधूरी है । सिद्धगिरी पीठ , कनेरी मठ के पूज्य स्वामी कोडसिद्देश्वर जी ने देश भर में फैले छोटे - छोटे समुदायों के सशक्तिकरण करके इस अभियान को आगे बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने शिक्षा , चिकित्सा , रोजगार के अभाव में खाली होते गाँवों पर चिंता व्यक्त की । शासन द्वारा सबको मुफ्त वितरण की सुविधा देश को आलस्य में धकेल देती है , अतः जनता को रोजगार देकर स्वावलंबी बनाना ही एकमात्र रास्ता है। अर्थव्यवस्था के केंद्रीयकरण नें गाँवों का सर्वनाश कर दिया है । गाँव को सशक्त बनाने के लिए उन्होंने कनेरी मठ के प्रयासों का उल्लेख करते हुए बताया कि मात्र 3 वर्षों में कोल्हापुर जिले में ही गायों की संख्या तीन लाख बढ़ गई है , 2000 महिलाओं को सिलाई से रोजगार मिला है . किसानों से पूरा वर्ष 40 रू . किलो में सब्जी खरीदते हैं तथा स्कूलों में 235 शिक्षक अपनी ओर से नियुक्त किए हुए हैं । अनेक गाँवों को गोबर गैस के बल पर एलपीजी मुक्त गाँव बनाया है ।

### मोपेड से गिरकर नगर निगम कर्मचारी की मौत

**भोपाल।** राजधानी के शाजहांनाबाद इलाके में मोपेड से गिरकर नगर निगम के कर्मचारी की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर हादसे की जांच शुरु कर दी है। थाना पुलिस के मुताबिक अमन कॉलोनी करोंद निवासी गुफरान खान (36) नगर निगम में ड्रायवरी करते थे। बीती दोपहर करीब तीन बजे वह अपनी मोपेड पर सवार होकर इस्लामी गेट होते हुए अमन कॉलोनी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अचानक ही वो चलती गाड़ी समेत सड़क पर गिरकर बेहोश हो गए। हालांकि उनके शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं थे। आसपास के लोगो ने एंबुलेंस की मदद से उन्हें इलाज के लिये हमीदिया अस्पताल पहुंचाया, जहां शुरुआती चेकअप के बाद ही डॉक्टरो ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणो का खुलासा हो सकेगा।

# शिक्षा विभाग में शैक्षणिक व्यवस्था के नाम पर चल रहा है लेन-देन का कारोबार

**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे**

**गोहद।** शिक्षा विभाग में शैक्षणिक व्यवस्था के नाम पर लेन-देन का चल रहा है कारोबार शिक्षा विभाग में कहने को तो आसनजन अटैचमेंट जैसी व्यवस्थाएं समाप्त कर दी गई है लेकिन शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा इन नामों को परिवर्तित करके शैक्षणिक व्यवस्था छात्रवृत्ति व्यवस्था कार्यालय इन सहयोग ऑनलाइन सहयोग जैसे नाम देखकर शिक्षकों एक विद्यालय से दूसरे विद्यालय भेजने का कारोबार जोरों से चल रहा है अपने चहेते शिक्षकों को एक विद्यालय से दूसरे विद्यालय भेजना कुछ शिक्षकों को परेशान करने की नियत से व्यवस्था के नाम पर एक स्थान से दूसरे स्थान भेज पर भेजना और सुविधा स्कूलों के स्थान पर भेजने के नाम पर पैसा वसूली का कारोबार लगातार चल कुछ शिक्षकों को तो व्यवस्था के नाम पर जबरन ऐसे विद्यालयों में भेजा जाता है जहां भी जाना ही नहीं चाहते यदि आदेश निरस्त कराना चाहे तो उसके बदले में उन्हें सुविधा शुल्क देना पड़ता है गोहद शिक्षा अधिकारियों और प्राचार्य द्वारा खेल विगत वर्षों से जारी है बड़ी बात तो यह है की कई शिक्षकों को व्यवस्था के नाम पर दूसरे विद्यालय में भेजने के बाद उनका वेतन भी सुविधाजनक स्थान से निकाल दिया जाता है इस प्रकार से परोक्ष रूप से शासन को अंधेरे में रखकर स्थानांतरण ही कर दिया जाता है इस प्रकार के कई उदाहरण गोहद मैं देखने को मिल जाते हैं इतना ही नहीं ग्रामीण विद्यालयों में पदस्थ शिक्षकों को शहरी विद्यालयों में इसलिए लाया गया है ताकि वे वसूली करके अधिकारियों को दे सकें कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को भी अंधेरे में रखकर की जा रही है अवस्थाएं विगत वर्ष कलेक्टर भिंड एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा ग्रामीण विद्यालय हाई स्कूल झाकरी व्यवस्था सुधारने के लिए गोहद नगर से देशराज सिंह को भेजा गया था जो खंड शिक्षा अधिकारी ही नहीं जिला शिक्षा अधिकारी एवं कलेक्टर के आदेश को धता बताकर आज भी गोहद में जमे हुए हैं जबकि दूसरी ओर उसी विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक करण सिंह चौरसिया को प्राचार्य द्वारा शिक्षण की व्यवस्था एवं छात्रवृत्ति के नाम पर माध्यमिक विद्यालय से हायर सेकेंडरी में अटैच किया गया है ताकि प्रधानाध्यापक देशराज सिंह 14 वर्ष से किए जा रहे भ्रष्टाचार एवं अव्यवस्था को मनमानी के साथ कर सकें प्राचार्य को समस्त जानकारी होते हुए भी प्रधानाध्यापक को झकरी ना भेजना और शिक्षक को तुरंत ही विद्यालय से हटाकर दूसरी और भेजना प्राचार्य के को भी प्रकट करता अब देखना यह है शिक्षा विभाग में घालमेल के इस खेल में शिक्षा विभाग के आला अधिकारी एवं कलेक्टर महोदय क्या निर्णय लेते हैं।

# भुसावल रनिंग रूम में लगी आग

### भोपाल के गाड्‌र्स ने झटपट बाहर निकल बचाई जान

**भोपाल।** रेल मंडल भोपाल के गार्डों के साथ बुधवार तड़के भुसावल में एक बड़ी अनहोनी होने से टल गई। रेलवे के गार्ड भुसावल रनिंग रूम में सो रहे थे, तभी तड़के अचानक आग लग गई। आग इलेक्ट्रिक बोर्ड में शॉर्ट सर्किट से लगी थी। शॉर्ट सर्किट की वजह से अचानक जोर से आवाज आई और धुआं उठने लगा। इससे कमरे में सो रहे गाड्‌र्स की नींद खुल गई और धुंआ उठता देख वे तुरंत बाहर की तरफ भाग निकले। बाद में कुछ गार्डों ने हिम्मत दिखाई और आग पर काबू पाया है। ये सभी गार्ड भोपाल रेल मंडल के बीना, संत हिरदाराम नगर स्टेशन, भोपाल हबीबगंज और इटारसी रेलवे स्टेशन से होकर गुजरने वाली ट्रेनों को लेकर भुसावल की तरफ गए थे। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

उल्लेखनीय है कि भुसावल रेलवे स्टेशन के 12 नंबर रनिंग रूम में भोपाल रेल मंडल के मेल गार्ड महेंद्र कांस्कार, एके चौहान, जेएल ओझा आदि अनेक गार्ड सो रहे थे। तभी बिजली सप्लाई सर्किट बोर्ड में अचानक आग लग गई। भोपाल रेल मंडल के स्टेशनों से भुसावल की ओर प्रतिदिन मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों को लेकर जाने वाले कुछ गार्डों ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि भुसावल में नया भवन बनकर तैयार है, जहां रनिंग रूम शिफ्ट होना है, लेकिन उद्घाटन के लिए इंतजार किया जा रहा है। पुराना भवन जर्जर हो चुका है। किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

### प्रत्येक रेल मंडल के रनिंग रूम में हैं कमियां

अकेले भुसावल के रनिंग रूम में ही नहीं, बल्कि भोपाल, इटारसी, झांसी और नागपुर के रनिंग रूम में कई कमियां हैं, जिसका सामना रेलवे के ड्राइवर और गार्ड कर रहे हैं। नियमित साफ-सफाई न होना, कर्मचारियों की कमी, बिस्तरों की कमी, पर्याप्त बिजली व्यवस्था की कमी और सालों पुराने रूम में रनिंग रूमों का संचालन करने जैसी कई कमियां हैं। रेलवे ड्राइवर और गार्ड समय-समय पर इन कमियों से स्थानीय रेल प्रबंधन को अवगत कराते रहते हैं। फिर भी समस्याओं को हल नहीं किया जा रहा है।

## भाजयुमो कार्यकर्ताओं द्वारा शहीद स्मारक की साफ-सफाई लोगों को स्वच्छता के लिए जागृत



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भाजपा द्वारा चलाए जा रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71 वें जन्मदिन पर भाजयुमो के युवा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छ भारत मिशन के लिए प्रेरणा दी 7 भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री उपेंद्र राजौरिया एवं अनिल सिंह कुशवाह कार्यक्रम प्रभारी गोपाल सिंह राजावत कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छता के लिए जागृत होना चाहिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की स्वच्छता के लिए स्वच्छ भारत मिशन अभियान के माध्यम से जो हमें जागृत किया है 7 हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए अपने घर की आस-पास एवं गली और मोहल्ला सफाई रखें ताकि स्वच्छ भारत रैंकिंग में आपका भिंड जिला भी प्रथम स्थान पर आकर गौरवान्वित हो सके । भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने प्रातः काल से ही भिंड शहर के सर्किट हाउस के सचिव महाराणा प्रताप मूर्ति के पास शहीद स्मारक पार्क पर पहुंचकर अपने हाथों में स्वयं झाड़ू लेकर साफ सफाई की उसके बाद बाहर के सारे दरवाजों पर के नारे लगे कचरे के ढेर भी उठाकर और उसे गाड़ी में रखा स्वच्छता अभियान में भाजयुमो के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आशीष सिंह भदौरिया आकाश पुरोहित अतिराज सिंह नरवरिया मोनू नरवरिया दीपू सिंह तोमर अमित चौधरी बजरंग सिंह भदौरिया दीपक शर्मा लवकुश सिंह परिहार सज्जन सिंह नरवरिया ऋषि कुशवाह अमरदीप वाल्मीकि आदि लोग प्रमुख थे । भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने विजयलक्ष्मी मैरिज गार्डन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित विकास कार्यों की प्रदर्शनी को भी देखा और युवा कार्यकर्ताओं ने कमेंट रजिस्टर पर कमेंट भी लिखें ।

# कॉग्रेस को जिला स्तर से बूथ तक करना है मजबूत्-सुधांशू त्रिपाठी

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**(बारी-बारी से की सभी सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ताओ से चर्चा)**

**(नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह द्वारा किए गए संगठन के प्रति कार्यो की सह प्रभारी ने की प्रसंशा)**



**भिण्ड।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सचिव मध्य प्रदेश सह प्रभारी सुधांशु त्रिपाठी 29 सितंबर 2021 को दोपहर 12ः00 बजे भिंड सर्किट हाउस पहुंचें। वही जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी एवं पूर्व मंत्री बालेन्दु शुक्ल भी रहे मौजूद। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा और वह पूर्व लोकसभा प्रत्याशी देवाशीष जरारिया, गोहद विधायक मेवाराम जाटव से विशेष चर्चा की।वही सभी ब्लॉक अध्यक्षों, बारी बारी से समीक्षा की वा संगठन में जल्द व्यापक स्तर पर सदस्यता अभियान के लिए भी निर्देशित किया एवं सभी इकाइयों,मोर्चे के अध्यक्षों से एक एक कर मुलाकात कर उनकी बातों को सुना।और आगामी चुनाव को लेकर चर्चा की। कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी सुधांशु त्रिपाठी ने कहा कि हमें कांग्रेस कमेटी को जिले में प्रत्येक बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत करना है जिससे कांग्रेस कमेटी जिले में एक नया आयाम स्थापित कर सकें और मजबूती के साथ उभर सके।वहीं सह प्रभारी के समक्ष सभी ब्लॉकों के अध्यक्ष एवं सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद रहे। वही सह प्रभारी सुधांशु त्रिपाठी ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा द्वारा कांग्रेस संगठन के प्रति किए गए कार्यों,धरनों,आंदोलनों की सराहना की।वही सह प्रभारी सुधांशु त्रिपाठी ने जल्द मंडलम व सेक्टर की कार्यकारिणी को गठित करने करने के लिए जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा से कहा।तत्पश्चात सह प्रभारी सुधांशु त्रिपाठी एवं पूर्व मंत्री बालेंद्र शुक्ल करीब पांच बजे झांसी के लिए प्रस्थान किया। बैठक में विशेष रूप से पूर्व लोकसभा प्रत्याशी देवाशीष जरारिया, शहर अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा ,पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष जय श्रीराम बघेल,जिला पंचायत अध्यक्ष रामनारायण हिंडोलिया,सेवादल अध्यक्ष संदीप मिश्रा,वरिष्ठ नेता वीरेंद्र यादव,रणजीत सिंह गुर्जर, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष सुभाष राठोर,अमित दातरे,राजेंद्र नरवरिया,विवेक पचौरी,विनोद पंडित,बृजेंद्र सिंह कल्लू,रॉकी तोमर,समीर भदोरिया,कार्यवाहक अध्यक्ष इरशाद खान,आईटी सेल अध्यक्ष शिशुपाल सिंह भदौरिया, राजीव कौशिक,प्रदीप यादव ,राघवेंद्र शर्मा,अशोक गुप्ता,रेखा भदौरिया,ममता मिश्रा,अरविंद सोनी, संजयभूता,पंकजत्रिपाठी,बलराम जाटव,राजेंद्र परिहार,अरविंद अरेले इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# खैबर पख्तूनख्वा में पाक सैनिकों ने मुठभेड़ में 10 आतंकियों को ढेर किया




**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुरक्षाबलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दक्षिणी वजीरिस्तान जिले में 4 विद्रोही कमांडरों सहित 10 आतंकवादियों को मार गिराया है। सुरक्षाबलों ने यह कार्रवाई एक गुप्त सूचना के आधार पर की गई। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, खैबर पख्तूनख्वा में पाकिस्तान सेना के ऑपरेशन के दौरान दोनों तरफ से फायरिंग हुई और चार विद्रोही कमांडरों समेत 10 आतंकवादी मारे गए। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि आतंकवादियों के पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। पाकिस्तानी सेना के बयान में कहा गया है कि मारे गए सभी आतंकवादी आईईडी लगाने, फायर रेड करने और निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं। आतंकवादी दक्षिण वजीरिस्तान जिले के अंदर आतंकवाद के और अधिक कृत्यों को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। इससे पहले पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के विभिन्न हिस्सों से इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) सहित चार संगठनों के 8 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि पाकिस्तान में हाल की आतंकवादी गतिविधियों, विशेष रूप से पुलिस अधिकारियों की हत्या के मद्देनजर, पंजाब पुलिस के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने पिछले एक सप्ताह के दौरान प्रांत में व्यापक खुफिया-आधारित अभियान चलाया और 40 संदिग्ध आतंकवादियों से पूछताछ की।

पुलिस के आतंकवाद रोधी विभाग ने एक बयान में बताया कि 40 संदिग्ध आतंकवादियों में से आठ को लाहौर, हाफिजाबाद, गुजरांवाला और शेखूपुरा से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आतंकवादी दाएश (आईएसआईएस), तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी), लश्कर-ए-झांगवी (जेईजे) और सिपाह-ए-सहाबा पाकिस्तान (एसएसपी) के हैं।

## 52 अरब डॉलर से कम आय वाले देशों में हर बच्चे व गर्भवती महिला को दी जा सकती है सामाजिक सुरक्षा : सत्यार्थी

**जेनेवा।** नोबल पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी ने कहा 52 अरब डॉलर कम आय वाले देशों में प्रत्येक बच्चे और गर्भवती महिला को सामाजिक सुरक्षा मुहैया करा सकते हैं। 2,000 से अधिक अरबपतियों वाली दुनिया में यह कोई बड़ी धनराशि नहीं है। गरीबी उन्मूलन और सतत बहाली के लिए रोजगार एवं सामाजिक सुरक्षा पर मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र में एक उच्च स्तरीय कार्यक्रम में सत्यार्थी ने बाल मजदूरी और गरीबी खत्म करने के लिए एक साहसिक तथा सक्रिय नेतृत्व का आह्वान किया। उन्होंने कहा 52 अरब डॉलर कम आय वाले देशों में प्रत्येक बच्चे और गर्भवती महिला को सामाजिक सुरक्षा मुहैया करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह कोई बड़ी धनराशि नहीं है। यह महज दो दिनों का कोविड राहत उपाय है और साथ ही सामाजिक सुरक्षा निधि का 0.4 प्रतिशत है, जो अमीर देशों में खर्च किया गया। नोबल शांति पुरस्कार विजेता ने एक वर्चुअल कार्यक्रम में कहा हम बहुत गरीब नहीं हैं। मैं यह मानने से इनकार करता हूं कि दुनिया बहुत गरीब है, जबकि इस दुनिया में 2,755 अरबपति रहते हैं। उन्होंने कहा कि हमने तब प्रगति की है, जब हमारे पास पर्याप्त संसाधन नहीं थे, हमने बच्चों की मदद की और बाल मजदूरी बंद की। उन्होंने कहा कि आज दुनिया प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में पहले से कहीं अधिक संसाधनों से भरपूर है। सत्यार्थी ने कहा कि कोविड-19 महामारी ने समाज में सभी अन्यायों और गैर बराबरी का पर्दाफाश किया और उसे बढ़ाया भी है तथा इससे सबसे ज्यादा प्रभावित वह बच्चे हुए जो हाशिए पर पड़े हैं।

# ग्वालियर में कमलराजा अस्पताल में दो और बच्चों की मौत: अब तक 48 घंटे में हो चुकी है 4 बच्चों की मौत

**ग्वालियर।** ग्वालियर के KRH (कमलाराजा हॉस्पिटल) में लगातार दूसरे दिन दो बच्चों की मौत हुई है। 48 घंटे में चार मासूम ने अव्यवस्था के चलते दम तोड़ दिया है। यहां 36 बेड के पीडियाट्रिक वार्ड में अभी भी 80 से ज्यादा बच्चे भर्ती हैं। एक बेड पर 3 तो कहीं चार बच्चों को भर्ती कर इलाज के किया जा रहा है।

KRH में सोमवार को जिन दो बच्चों की मौत हुई थी उनको दिमागी बुखार बताया गया था, लेकिन मंगलवार रात को जिन दो बच्चों ने दम तोड़ा है उनको दिमागी बुखार नहीं था। वह अलग-अलग रोग से पीड़ित थे। पर बुखार उनको भी आ रहा था। अकेले कमला राजा अस्पताल में ही यह हालात नहीं है बल्कि मुरार जिला अस्पताल के पीडियाट्रिक वार्ड में 12 बेड पर 20 से ज्यादा बच्चे भर्ती हैं। ग्वालियर में डेंगू, वायरल और दिमागी बुखार के पीड़ित बच्चे काफी संख्या में मिल रहे हैं। सीधे शब्दों में कहें से अंचल के सबसे बड़े अस्पताल में लगातार दिमागी बुखार के मरीज बढ़ने लगे हैं। यह दिमागी बुखार अब जानलेवा भी होता जा रहा है। यहां सोमवार को दो बच्चों की दिमागी बुखार के चलते मौत हुई थी। अभी स्थिति संभली भी नहीं थी कि मंगलवार रात को भी दो बच्चों ने कमलाराजा हॉस्पिटल में





दम तोड़ दिया। हालांकि इन दोनों ही बच्चों को दिमागी बुखार नहीं था। मंगलवार को जिन बच्चों की मौत हुई है उनमें भिंड गोहद निवासी 10 साल की बच्ची तमन्ना है इस बच्ची को सेप्टीसीमिया हुआ था। जिस कारण बुखार आने के बाद उसकी हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी। दूसरा बच्चा मुरैना का आरव है। इसके दिल में छेद होने साथ ही लगातार बुखार आ रहा था। इस तरह बीते 48 दिन में 4 बच्चों की JAH के KRH में मौत हो गई है। अभी भी यहां एक बेड पर 3 तो कहीं 4 मरीज भर्ती करना पड़ रहे हैं। जल्द ही पीडियाट्रिक वार्ड में 20 बेड बढ़ाए जा रहे हैं। एक दो दिन में इंतजाम हो जाएगा।

**जिला अस्पताल में भी हालात बदतर:** डेंगू और वायरलजनित बीमारियों के कहर से स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई हैं। जयारोग्य और कमलाराजा अस्पताल की तरह जिला अस्पताल मुरार में भी स्थिति चिंताजनक है। यहां बेड फुल होने से मरीज को वार्ड के फ्लोर पर भर्ती करना पड़ रहा है। यहां 12 बेड के पीडियाट्रिक वार्ड में 20 से ज्यादा बच्चे भर्ती हैं। जो बच्चे भर्ती हैं उनके परिजन को बैठने तक की जगह नहीं है। सिविल सर्जन डॉ. डीके शर्मा ने कहा, ICU का काम अंतिम चरण में है। पीडियाट्रिक ढ्ष्ट का काम भी चल रहा है। दोनों के लिए जरूरी उपकरण की डिमांड पूर्व में ही शासन को भेजी जा चुकी है। जल्द ही यह समस्या दूर हो जाएगी।

**दो अस्पतालों में 48 बेड पर 100 बच्चे भर्ती:** ग्वालियर के दो बड़े शासकीय अस्पताल, कमलाराजा अस्पताल और जिला अस्पताल के 48 बेड पर 100 बच्चे भर्ती हैं। कमलाराजा अस्पताल के पीडियाट्रिक वार्ड में इस समय 36 बेड पर 80 बच्चे भती हैं। ज्यादातर वायरल, डेंगू, दिमाग बुखार से पीड़ित हैं। इसके अलावा जिला अस्पताल मुरार के पीडियाट्रिक वार्ड में 12 बेड पर 20 से ज्यादा बच्चे भर्ती हैं।

## नैनो न्यूज

### पुलिस ने दबोचे हथियारबंद बदमाश

**ग्वालियर।** पुरानी छावनी थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जिगसौली के पास से कार में सवार तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से तमंचा तथा कारतूस बरामद किए है। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार पुरानी छावनी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की कार में सवार कुछ बदमाशों कहीं वारदात करने की नियत से ग्राम जिगसौली के पास खड़े हैं इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने बताए गए स्थान पर दबिश देकर कार में सवार तीन बदमाशों को दबोच लिया ।पकड़े गए बदमाशों के नाम जावेद शाहरुख और प्रमोद बताए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से तमंचा कारतूस बरामद कर कार्य कर आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है।

### कैदी पैरोल जंप कर गायब

**ग्वालियर।** कोरोना काल में केंद्रीय जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक कैदी पैरोल पर बाहर आया उसके बाद गायब हो गया। बहोडापुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज करके दी की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार झांसी रोड थाना क्षेत्र में रहने वाला बल्ली उर्फ धर्मेंद्र कटारे जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। कोरोना के समय वह पैरोल पर बाहर आया और नियत तारीख पर वह जेल वापस नहीं पहुंचा ।जिसके बाद जेल प्रबंधन ने बहोडापुर पुलिस में मामला दर्ज कराया पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### मकान में चोरी

**ग्वालियर।** शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में स्थित महल गांव आवासी कॉलोनी में चोर एक सूने मकान के ताले चटका कर गृहस्थी का सामान चोरी कर ले गए पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार महल गांव आवासी कॉलोनी निवासी मनीष बीते रोज घर का ताला लगाकर काम से गए थे तभी चोरों ने उनके मकान के ताले चटका दी और घर से गृहस्ती का सामान समेट ले गए ।वहीं महाराजपुरा थाना क्षेत्र के आदित्यपुरम निवासी आशा भदौरिया के प्लेट से चोर है तथा अन्य सामान चोरी कर ले गए पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### गांव गांव तक जरूरतमंदों को कानूनी सलाह उपलब्ध करवाती सी. एस. सी. की टेली लॉ सर्विस

**ग्वालियर।** अब ग्रामीणों को किसी भी तरह की कानूनी जानकारी एवं सलाह के लिए शहर जाकर अपना समय और पैसे बर्बाद करने की जरूरत नही है, क्योंकि अब डिजिटल इंडिया अभियान और ई गवर्नेन्स के तहत सी एस सी(कॉमन सर्विस सेंटर) के माध्यम से न्याय विभाग द्वारा संचालित टेली लॉ सर्विस के माध्यम से ही घर बैठे आसानी से वकीलों से कानूनी सलाह और जानकारी प्राप्त की जा सकती है । टेली लॉ सर्विस के अंतर्गत अब ग्रामीणों एवं शहरवासियों को उनके आस पास संचालित सी एस सी सेन्टर में टेली लॉ सर्विस के माध्यम से कानूनी सेवाएं मिल सकेगी। टेली लॉ सर्विस के अंतर्गत भोपाल व दिल्ली में नियुक्त पैनल लॉयर के द्वारा किसी भी समस्या का फोन के द्वारा कानूनी समाधान बताया जाता है। इसके अन्तर्गत किसी भी प्रकार के आपराधिक मामले, दीवानी मामले, घरेलू हिंसा, पैसों के लेन देन से संबंधित मामले, बच्चों के भरण पोषण से सम्बंधित मामले, जमीनी विवाद, बाल मजदूरी, बाल विवाह, पुलिस एफ. आई. आर से संबंधित जानकारी, आदि प्रकार के मामलों में जानकारी व कानूनी सलाह प्राप्त की जा सकती है। टेली लॉ सर्विस द्वारा इस सुविधा हेतु मात्र 30 रुपये का शुल्क निर्धारित किया गया है उसमें भी सेक्शन 12 के अन्तर्गत आने वाले सभी हितग्राहियों जैसे महिलाएं, बच्चे (18 वर्ष से कम आयु), दिव्यांग, मजदूर, प्राकृतिक आपदा से पीड़ित व्यक्ति, ऐसा व्यक्ति जिसके परिवार से कोई हिरासत में हो।

# दाताबंदी छोड़ दिवस का 400वां साल: ग्वालियर में तीन दिन होने वाले कार्यक्रम में पंजाब से पैदल आएगा भक्तों का जत्था

**ग्वालियर।** ग्वालियर किला स्थित गुरुद्वारा दाताबंदी छोड़ के 400 वर्ष पूरे हो रहे हैं। चौथी शताब्दी के विशेष अवसर पर इस बार तीन दिवसीय (4 से 6 अक्टूबर) कार्यक्रम भी विशेष होने वाला है। 4 अक्टूबर को कार्यक्रम की शुरूआत सर्वधर्म सभा के साथ होगी। इसके बाद विभिन्न कार्यक्रम होंगे। इसी दिन पंजाब से भक्तों का जत्था पैदल चलते हुए ग्वालियर किले पहुंचेगा। कोविड के बीच इस उत्सव को बढ़े ही व्यवस्थित ढंग से मनाने की प्लानिंग है। एक साथ सभी लोग न आते हुए उनको तीन दिनों के अलग-अलग कार्यक्रम में बांटा गया है। इसमें देश भर से श्रद्धालु शामिल होने के लिए पहुंचेंगे। श्रद्धालुओं की संख्या कम रहे इसलिए आने वाली संगतों से सीमित संख्या में आने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान यहां वैक्सीनेशन कैंप भी लगाए जा रहे हैं। 50 हजार मास्क यहां आने वालों को बांटने के लिए तैयार रख लिए गए हैं। बिना मास्क के किसी को भी एंट्री नहीं होगी।



**इस साल 400 साल हो रहे पूरे:** मुगल बादशाह जहांगीर ने ग्वालियर किले में 52 राजाओं के साथ 6वें सिख गुरु हरगोविंद साहब को किले में कैद कर रखा था। जब सिख गुरु हरगोविंद सिंह को रिहा किया जा रहा था, तो उन्होंने अपने साथ 52 राजाओं को रिहा करने की शर्त रखी थी। इसके बाद उनके साथ सभी राजाओं को रिहा किया गया था। जब यह रिहा होकर अमृतसर पहुंचे, तो वहां दीपमाला की गई थी। इस दिन को सिख पंथ दाता बंदी छोड़ दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष दाताबंदी छोड़ दिवस को 400 साल पूरे हो रहे हैं।

**ये होंगे कार्यक्रम:** ग्वालियर किले पर दाताबंदी छोड़ गुरुद्वारा स्थित है। यहां पर 4 से 6 अक्टूबर तक तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। गुरुद्वारे के प्रवक्ता देविंदर सिंह के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत सर्वधर्म कार्यक्रम से की जाएगी। इसमें सभी धर्मों के धर्मगुरु उपस्थित होंगे और संदेश देंगे। इससे पहले घरों में गुरु ग्रंथ साहिब का सहज पाठ कर रहे श्रद्धालु यहां पर भोग डालेंगे। 5 और 6 अक्टूबर को 5 तख्तों से आने वाले जत्थेदार गुरुवाणी की व्याख्या करेंगे। इसके अलावा गुरुद्वारों के लिए लगातार सेवा करने वाले लोगों का सम्मान भी किया जाएगा।

**शिवराज और सिंधिया भी हो सकते हैं**

# पड़ोसी ने 8 साल की बच्ची को पालतू कुत्ते से कटवाया

**ग्वालियर।** ग्वालियर में मामूली बात पर बहस के बाद पड़ोसी ने 8 साल की बच्ची पर पालतू डॉग छोड़ दिया। छत पर खेल रही बच्ची को डॉग ने हाथ और पैर पर कई जगह काट लिया। इसी दौरान उसकी 5 साल की छोटी बहन ने कूलर के पीछे छुपकर जान बचाई। घबराहट में वह एक घंटे तक वहीं बैठी रही।

डॉग के काटने के दौरान शोर मचाने की आवाज सुनकर बच्ची के परिजन मौके पर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने जब पड़ोसी को फटकार लगाई तो आरोपी उन्हें धमकाने लगा। घायल बच्ची को पहले परिजन अस्पताल लेकर गए। इसके बाद बहोड़ापुर थाना में मामला दर्ज करवाया। घटना सोमवार की है, लेकिन मामले में स्नद्धक्र बुधवार को दर्ज हुई। बहोड़ापुर के 24 बीघा कॉलोनी स्थित सिल्वर अपार्टमेंट में चौथी मंजिल पर फ्लैट नंबर 401 में दीपक कुमार जैन रहते हैं। उनके नीचे वाले फ्लोर पर फ्लैट नंबर 303 में अनिल उर्फ अन्नू शर्मा भी रहते हैं। पिछले दिनों दीपक कुमार ने अनिल शर्मा से कहा था कि वे अपने डॉग को लेकर छत पर न आया करें। बच्चे खेलते रहते हैं। इस बात को लेकर दोनों में नोकझोंक भी हुई थी। सोमवार को दीपक की 8 और 5 साल की बेटी छत पर खेल रही थी। इस दौरान अनिल शर्मा अपने डॉग को लेकर छत पर पहुंचा। दीपक जैन ने पुलिस को बताया कि आरोपी अनिल ने अपने डॉग को दीपक की बड़ी बेटी परी के ऊपर छोड़ दिया। डॉग ने मासूम को काटकर लहूलुहान कर डाला। जब दीपक ने घटना का विरोध किया तो अनिल ने जान से मारने की धमकी दी। दीपक का आरोप है, अनिल ने कहा कि इस बार बड़ी बेटी को कटवाया है, अगली बार छोटी बेटी पर छोड़ दूंगा।



**छोटी बेटी को ढूंढ़ते हुए पहुंचे, तो वह छुपी मिली:** दीपक जैन ने बताया कि बड़ी बेटी को डॉग से बचाकर रूम में पहुंचे, फिर याद आया कि ऊपर परी की बहन भी खेल रही थी। उन्हें लगा ऐसा न हो कि वह घबराकर कहीं नीचे कूद गई हो। इस पर वह छत पर देखने पहुंचे, तो बच्ची कूलर के पीछे छुपकर घबराई हुई बैठी मिली। उन्होंने उसे देखकर राहत की सांस ली। इसके बाद उसे घर लेकर आए।

**पांच साल पहले भी हुआ था झगड़ा:** दीपक जैन का कहना है कि अनिल शर्मा से कभी भी कुछ कहो, तो वह झगड़ा करने लगता है। 5 साल पहले उसने मुझसे झगड़ा किया था। उस वक्त भी डॉग के बारे में कहने पर मुझसे भिड़ गया था। तभी से उससे बातचीत बंद है। कुछ दिनों पहले बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए डॉग को छत

### सेना के अस्पताल में महिला कर्मचारी को वॉटसऐप पर भेजी गंदी मूवी

**ग्वालियर।** ग्वालियर में सेना के एक हॉस्पिटल में काम करने वाली महिला को सीनियर ने वाट्सऐप पर पोर्न मूवी भेज दी। महिला ने यह देखा तो सीनियर को कई बार कॉल किया, लेकिन उसने डर कर कॉल रिसीव नहीं किया। महिला ने वॉटसऐप पर जब पूछा कि यह क्या है तो सीनियर ने सॉरी लिख दिया। घटना की लिखित शिकायत महिला ने हॉस्पिटल प्रबंधन से की थी, लेकिन कोई एक्शन नहीं लिया गया। जिस पर पीड़ित महिला ने मुरार थाने में मंगलवार को शिकायत की। शिकायत पर तत्काल पुलिस ने स्नद्धक्र दर्ज कर ली गई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। सचिन तेंदुलकर मार्ग रामवाटिका पास निवासी 33 वर्षीय महिला सेना के एक अस्पताल में कर्मचारी है। महिला ड्यूटी खत्म करने के बाद घर गई। जब अपने मोबाइल पर घर का वॉटसऐप नंबर ओपन किया तो देखा कि उस पर सीनियर कर्मचारी मनोज कुमार उर्फ मनीष ने कुछ वीडियो डाले हैं। पहले तो उन्हें समझ नहीं आए। जब इन वीडियो को ओपन किया तो वह पोर्न मूवी थीं। यह देखकर महिला को काफी गुस्सा आया। महिला ने सीनियर को कई बार कॉल किया, लेकिन उन्होंने एक बार भी कॉल रिसीव नहीं किया। इस पर महिला ने वॉटसऐप पर ही रिप्लाई किया कि यह क्या बकवास है। इस पर सीनियर मनोज कुमार ने सॉरी लिख दिया। अगले दिन हॉस्पिटल पहुंचने के बाद महिला

### पुलिस ने 02 स्थाई व 01 गिरफ्तारी वारंट में फरार चल रहे बदमाश को किया गिरफ्तार

**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक अमित सांघी,भापुसे के निर्देशानुसार ग्वालियर जिले में फरारी ईनामी तथा स्थाई वारंटी की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के दौरान अति0 पुलिस अधीक्षक शहर पूर्व राजेष डण्डोतिया एंव नगर पुलिस अधीक्षक मुरार ऋषिकेष मीना,भापुसे ने अपने अधीनस्थ सभी थाना प्रभारियों को फरारी ईनामी बदमाषों तथा स्थाई वारंटियों की धरपकड़ हेतु मुखबिर तंत्र विकसित करने के निर्देष दिये गये। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषां के परिपालन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक मुरार श्री ऋषिकेष मीना,भापुसे के मार्गदर्षन में कार्य करते हुए दिनांक 29.09.2020 को थाना प्रभारी गोला का मंदिर निरी0 विनय शर्मा को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना गोला का मंदिर के आपराधिक प्रकरण में फरार चल रहे स्थाई वारंटी को थाना गोला का मंदिर क्षेत्रांतर्गत पटरी रोड़ तोमर टैंट हाउस के पास घूमते देखा गया है।

# सम्राट मिहिर भोज की पटिटका को ढंके प्रशासन , गुर्जर किसने लिखवाया इसकी जांच हो: क्षत्रिय महासभा



**ग्वालियर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ग्वालियर (संयुक्त मोर्चा) ने कहा है कि जिला प्रशासन उच्च न्यायालय ग्वालियर के युगल पीठ द्वारा दिये गये निर्णय के अनुसार सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा के नीचे / नामकरण पटिटका को पूर्णत- ढके वहीं मूर्ति को आम जनमानस के लिये खुला रखा जाये। जिससे सर्व समुदाय सम्राट मिहिर भोज के शौर्य और पराक्रम से प्रेरणा ले सके।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री इंजी. राजेन्द्र सिंह भदौरिया संयुक्त मोर्चा के संयोजक सुरेन्द्र सिंह तोमर ने आज पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि ग्वालियर के चिरवाई नाके पर स्थापित सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा को लेकर एक समुदाय विशेष गुर्जर शब्द को लगाये रखने के लिये आंदोलित है और प्रशासन की ढिलाई से ग्वालियर का माहौल बिगाडने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति माहौल बिगाडने का प्रयास करे उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये। इंजी. राजेन्द्र सिंह भदौरिया ने कहा कि इतिहास साक्षी है 700 ईसवी से 1200 ईसवी तक राजपूत युग का शासन काल रहा है। इसी दौरान सम्राट मिहिर भोज ने 836 ईसवी से 885 ईसवी तक गुजरात, राजस्थान महाराष्ट्र के क्षेत्र में शासन किया। उन्होने बताया कि इस क्षेत्र का स्वामी होने के कारण कालान्तर में इन्हें गुर्जर प्रतिहार (गुर्जराधिपति) कहलाये। उन्होंने बताया कि कालान्तर में कोई राजपत्र नहीं होते थे। इसलिये कोई भी शासक जहां भी प्रतिमायें लगाते थे वहां पर शिलालेख लगवाते थे । उन्होंने कहा कि किसी भी शिलालेख पर गुर्जर शब्द का उपयोग किसी के भी द्वारा नहीं किया गया है। उन्होने यह भी बताया कि हाल ही में दादरी उत्तर प्रदेश में भी सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा के नाम पटिटका पर गुर्जर शब्द का उपयोग किया जिसकी जानकारी पूर्व से ही क्षत्रियों को लग गई और उन्होने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शब्द हटाने ज्ञापन दिया। बाद में योगी जी ने गुर्जर शब्द हटाने के बाद प्रतिमा का अनावरण किया। इंजी. राजेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि ग्वालियर में भी नगर निगम द्वारा जो प्रस्ताव एवं ठहराव पेश किया गया उसमें भी कहीं गुर्जर का उल्लेख नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि गुर्जर शब्द किसके कहने से जोडा गया कैसा जुडा इसकी जांच कर संबंधित के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाकर कार्रवाई की जाये। उन्होंने कहा कि उनकी मांग है कि सम्राट मिहिर भोज नाम से पटिटका बने और जिसे भी सम्राट की पूजा करना है करे।

# अब अपने स्वयं के मकान में बच्चों के साथ रहेंगी श्रीमती कमलेश ‘खुशियों की दास्तां’

**ग्वालियर।** हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसका अपना खुद का मकान हो। अपने परिवार के साथ अपने मकान में रहने की इच्छा श्रीमती कमलेश की भी थी। राजीव आवास योजना के लिए उनके पति स्व. श्री लखनलाल ने आवेदन किया था। पति के निधन के पश्चात आवास के लिए परेशान कमलेश की खुशी का ठिकाना उस समय नहीं रहा जब जनसुनवाई में निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल ने मौके पर ही उसकी फाइल स्वीकृत कर उसे पट्टा प्रदान किया। नगर निगम के जन-सुनवाई कक्ष में उपस्थित क्षेत्रीय सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर एवं नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल ने श्रीमती कमलेश को राजीव आवास योजना का पट्टा प्रदान किया। पट्टे की फाइल लंबित होने की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पट्टा मिलने पर कमलेश ने कहा कि अब वह अपने बच्चों के साथ सुरक्षित अपने मकान में रह सकेगी। श्रीमती कमलेश को नगर निगम द्वारा शर्मा फार्म हाउस-2 पर बनाए गए शासकीय आवास का पट्टा प्रदान किया गया है। जन-सुनवाई कक्ष में जब श्रीमती कमलेश ने निगम आयुक्त से कहा कि उसे आवास का पट्टा नहीं मिल रहा है तो निगम आयुक्त ने उसे कुर्सी पर बिठाकर उसकी पूरी बात सुनी। उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रीमती कमलेश की फाइल तत्काल मंगाई जाए। फाइल मंगाने पर संबंधित अधिकारी से कार्रवाई कर श्रीमती कमलेश को मौके पर ही पट्टा प्रदान किया।



# राजस्व भवन बनकर पूरी तरह तैयार, शीघ्र होगा लोकार्पण



**ग्वालियर।** ग्वालियर में लगभग 65 करोड़ रूपए की लागत से राजस्व विभाग का भवन बनकर पूरी तरह से तैयार हो गया है। भवन का लोकार्पण भी शीघ्र होगा और संभागीय आयुक्त कार्यालय, राजस्व मण्डल और भू-अभिलेख एवं बंदोबस्त का कार्यालय भी राजस्व भवन में संचालित होने लगेगा। संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह के साथ आज संयुक्त राजस्व भवन का अवलोकन किया और पीआईयू सेल के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने बुधवार को राजस्व भवन पहुँचकर जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस मौके पर कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, पीआईयू सेल के श्री अष्ठपुत्रे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने संभागीय आयुक्त कार्यालय के साथ ही राजस्व मण्डल और भू-अभिलेख एवं बंदोबस्त का कार्यालय का भी अवलोकन किया। उन्होंने पीआईयू सेल के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि भवन के लोकार्पण की तैयारी करें। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि भवन और भवन परिसर में जो भी छोटे-मोटे काम शेष रह गए हैं उन्हें तत्परता से पूरा करें। भवन की फिनिशिंग के साथ ही शीघ्र तीनों कार्यालयों को शिफ्ट करने का कार्य भी किया जाएगा। संयुक्त राजस्व भवन में तीनों कार्यालयों के लिये सभी सुविधायें युक्त कार्यालय तैयार किया गया है। इसमें अधिकारियों के कक्ष के साथ-साथ स्टाफ को बैठने के लिये भी फर्नीचर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना से आग्रह किया है कि नवीन राजस्व भवन में झाँसी रोड़ क्षेत्र के एसडीएम और तहसीलदार के लिये भी कक्ष आवंटित किया जाए।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478